दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी



रहमान के ऑस्कर विनिंग....

मलाइका शोसल मीडिया पर हो.....

वर्ष : 10 | अंक : 131 | लखनऊ, 21 अप्रैल, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

बेतहाशा गर्मी में भी योगी की झलक पाने उमड़ा उत्साहित राजस्थान

बुलडोजर पर खड़े युवाओं ने किया अभिनंदन, राजस्थान की सड़कों पर भी 'योगी-योगी' की गूंज

- राजस्थान के चुनावी समर में जनमानस ने यूपी के मुख्यमंत्री पर की गुलाब के पंखुड़ियों की वर्षा
- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, चित्तौड़गढ़ से सांसद व उम्मीदवार सीपी जोशी के लिए किया रोड शो
- पहले चरण के तूफान ने मोदी जी को सत्ता सौंपने का प्रण कर लिया है : योगी
- अल्पसंख्यकों के सिर चढ़कर भी बोला बाबा का जादू, कमल निशान लेकर चलते रहे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

चित्तौड़गढ़ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर शनिवार को दूसरी बार राजस्थान के चुनावी समर में उतरे। योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, चित्तौड़गढ़ से सांसद और भाजपा उम्मीदवार सीपी जोशी के लिए रोड शो किया। बेतहाशा गर्मी में भी राजस्थान की सड़कों पर 'मोदी-मोदी, योगी-योगी' की ही गूंज रही। आमजन से मिले स्नेह से अभिभूत योगी ने इस सीट पर फिर से 'कमल का फूल' खिलाने की अपील की तो मतदाताओं ने विश्वास दिलाया- अबकी पार 400 पार, फिर एक बार-मोदी सरकार। सीएम योगी व सीपी जोशी ने भैरो सिंह शेखावत की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।

पहले चरण के तूफान ने फिर से मोदी जी को सत्ता सौंपने का प्रण कर लिया है :योगी

रोड शो के समापन स्थल पर मतदाताओं को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि से वीरभूमि मेवाड़ को प्रणाम करने आया हूं। इस धरा का इतिहास है कि यह राष्ट्रवाद के मुद्दे से कभी विचलित नहीं हुई। भारत मां के सर्वस्व बलिदान के लिए यह वीरभूमि सदा तत्पर रही है। आधुनिक भारत के तीर्थ के रूप में इस धरा को पूरा भारत

कोटि-कोटि प्रणाम करता है। सीएम योगी ने कहा कि शुक्रवार को संपन्न हुए पहले चरण के 102 लोकसभा सीटों के रुझान बताते हैं कि पूरे देश की आवाज है-फिर एक बार मोदी सरकार। अबकी बार-400 पार का लक्ष्य सफल होने जा रहा है। प्रचंड तूफान ने फिर से मोदी जी को सत्ता सौंपने का प्रण कर लिया है। कांग्रेस की जातिवादी-सांप्रदायिक सोच के कारण देश ने बहुत नुकसान सहा है। कांग्रेस सुरक्षा व आस्था से खिलवाड़ करने वाली पार्टी है। आज भारत में पटाखा फूटने पर भी पाकिस्तान सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है, लेकिन कांग्रेस के समय आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। कांग्रेसी बोलते थे कि राम हुए ही नहीं। ऐसे लोगों को सत्ता में आने का अधिकार नहीं है। योगी ने आह्वान किया कि सीपी जोशी ने साबित किया है कि वे चित्तौड़गढ़ के सबसे उपयुक्त प्रत्याशी हैं। जनता 2014 व 2019 के वोटों को मिलाकर उससे अधिक वोटों से जोशी को जिताकर सदन में भेजें।

गुलाब की पंखुड़ियों और ढोल-नगाड़ों संग योगी का स्वागत

चित्तौड़गढ़ के मतदाता योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने को सड़कों पर खड़े रहे। बेतहाशा गर्मी भी उनके इरादे न डिगा सकी। यहां रोड शो में लोगों ने गुलाब की पंखुड़ियों से योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। घरों की छतों पर खड़े पुरुष, बच्चे, युवा-बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चियां पुष्पवर्षा करती रहीं। आमजन योगी आदित्यनाथ के रोड शो को मोबाइल में कैद करते दिखे। भगवा रंग की साड़ियों में महिलाओं ने योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया।

आ रहे भगवाधारी, अब है मथुरा की बारी

चित्तौड़गढ़ रोड शो के दौरान खूब गीत बजे। जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। आ रहे हैं भगवाधारी, अब है मथुरा की बारी गीतों के जरिए योगी आदित्यनाथ का जोरदार स्वागत किया गया। हर तरफ योगी-योगी, जोर है मोदी-मोदी। आएंगे फिर मोदी ही, आएंगे फिर योगी ही। अबकी 400 बार, लख बधाई मोदी जी, हमें भगवा लहराना है आदि गीत पर कलाकार खूब थिरकते रहे। वहीं मंचों पर स्थानीय कलाकारों ने शिव के गण बनकर भी योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। रोड शो में ढोल, मजीरा, नगाड़ों आदि का स्थानीय कलाकारों ने प्रदर्शन किया। रोड शो के दौरान सड़कों पर राजस्थान का लोकनृत्य भी दिखा।

कमल निशान लेकर चलते रहे योगी, अल्पसंख्यकों के भी सिर चढ़कर बोला बाबा का जादू

रोड शो के दौरान योगी आदित्यनाथ ने भी चित्तौड़गढ़ के मतदाताओं का अभिवादन किया तो हाथ में कमल का फूल चुनाव चिह्न लेकर भी वोट देने के साथ ही यहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। हर तरफ सिर्फ भारतीय जनता पार्टी का झंडा ही फहराता दिखा। रास्ता भी भगवा गुब्बारों से सजा रहा। चित्तौड़गढ़ के रोड शो में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जादू राजस्थान वालों के सिर चढ़कर बोला। रोड शो के दौरान रास्ते में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी योगी आदित्यनाथ पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिवादन किया।

बुलडोजर पर खड़े होकर बाबा का स्वागत

'बुलडोजर बाबा' के नाम से प्रसिद्ध योगी आदित्यनाथ को रोड शो में बुलडोजर भी रहा। इस पर खड़े युवाओं ने योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया तो मुस्कुराते हुए 'बुलडोजर बाबा' ने भी राजस्थान के युवाओं का अभिवादन किया। यही नहीं, बुलडोजर पर खड़े युवा बाबा की मुस्कुराती फोटो भी अपने मोबाइल के कैमरे में कैद करते रहे।

मौसम

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

बाजार

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

संसेक्स 72,085.63

21,853.80

जेलों में बंद कैदियों ने 10वीं, 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज। गाजियाबाद, आगरा, लखनऊ की जेल सहित उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद कैदी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को यहां यूपी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी किये जिसके मुताबिक, 10वीं कक्षा की परीक्षा में गाजियाबाद की जेल से 17, आगरा जेल से आठ, मथुरा जेल से छह, रामपुर जेल से पांच, बरेली जेल से नौ और लखनऊ जेल से नौ कैदी परीक्षा में शामिल हुए और ये सभी उत्तीर्ण हुए। यूपी बोर्ड की विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रदेश के 30 जनपदों की जेलों में बंद कुल 91 कैदी 10वीं की परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 89 कैदी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसके अनुसार इसी तरह, 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 105 कैदी शामिल हुए जिसमें से 87 उत्तीर्ण हुए। विज्ञप्ति के मुताबिक, 12वीं की परीक्षा में सबसे अधिक 21 कैदी गाजियाबाद से शामिल हुए जिसमें से 17 कैदी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसके अनुसार इसी तरह, बुलंदशहर की जेल से 11 कैदी परीक्षा में शामिल हुए और इसमें से 10 उत्तीर्ण हुए। विज्ञप्ति के अनुसार हरदोई जेल से परीक्षा में शामिल हुए सभी चार कैदी उत्तीर्ण हुए।

पहले चरण में ही कांग्रेस-सपा का हो गया सूपड़ा साफ : अमित शाह

गर्मी में थाइलैंड चले जाते हैं राहुल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर हुए पहले चरण के मतदान में कांग्रेस-सपा गठबंधन का सफाया हो गया। शाह ने वृन्दावन में भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपको पहले चरण का नतीजा बता दूं, किसी को मत बताना, मैं आपको बताऊंगा- पहले चरण में कांग्रेस, सपा का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भी इस यात्रा को जारी रखते हुए, वृंदावन से काशी तक कमल को विजयी बनाना है।

शाह ने कहा कि 70 वर्षों तक, कांग्रेस ने अयोध्या के राम मंदिर को लटकाए रखा। मोदी जी ने 5 वर्षों में ही राम मंदिर का केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी की। कांग्रेस और सपा को प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, लेकिन वोट बैंक के लालच में ये राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं गए। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देश को समृद्ध किया है, देश के अर्थतंत्र को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर लाने का काम किया है। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो, भारत, दुनिया का तीसरे नंबर का सबसे बड़ा अर्थतंत्र बन जाएगा। ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी वो नेता हैं, जिन्होंने किसानों की भूमि को सुरक्षित करने का काम किया

है। चौधरी साहब ने कांग्रेस, किसानों की भूमि बचाने के लिए छोड़ी थी। कांग्रेस ने इतने सालों तक उन्हें 'भारत रत्न' नहीं दिया। चौधरी चरण सिंह जी को 'भारत रत्न' देने का काम मोदी जी ने किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पलायन हो रहा था, सपा के गुंडे लोगों को परेशान कर रहे थे। लोग यूपी छोड़ कर जा रहे थे। 2017 में आपने भाजपा सरकार बनाई, योगी जी ने कानून व्यवस्था को ठीक किया। जिसके बाद लोगों ने नहीं, गुंडों ने पलायन किया।

वहीं, मथुरा में शाह ने मतदाताओं को उत्साहित करते हुए कहा, दूसरे चरण में इसी यात्रा को आगे निकाल कर उत्तर प्रदेश की जनता को वृंदावन होते हुए काशी तक कमल (भाजपा के चुनाव चिह्न) को विजयी बनाना है। विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा, एक ओर 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले, घपले, भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी है और दूसरी ओर ऐसे नरेन्द्र मोदी हैं जिन्होंने 23 साल तक मुख्यमंत्री रहकर शासन किया लेकिन उन पर चार आने के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है।

शाह ने कहा, दो खेमे हैं। एक ओर गरीब के घर में पैदा हुए हमारे नेता नरेन्द्र मोदी हैं और दूसरी ओर चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए राहुल बाबा हैं। दोनों के बीच में आपको तय करना हैं। शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर प्रहार करते हुए कहा, एक ओर गर्मी आते ही विदेश में थाईलैंड के निजी द्वीप पर छुट्टी मनाने वाले राहुल बाबा हैं और दूसरी ओर दीपावली के दिन भी छुट्टी न लेने वाले नरेन्द्र मोदी हैं। आपको इन दोनों के बीच में तय करना है। मोदी जी ने 10 साल में देश को आगे बढ़ाने का काम किया है।

संक्षिप्त समाचार

राज्य से बाहर तैनात सरकारी कर्मचारियों के मताधिकार सुनिश्चित करे निर्वाचन आयोग : कांग्रेस

तिरुवनतंपुरम । कांग्रेस की केरल इकाई ने शनिवार को निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया कि पुलिस और अन्य राज्यों में चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात सरकारी कर्मचारियों के मताधिकार को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रावधान करे। निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी.सतीशन ने संबंधित अधिकारियों के मताधिकार से वंचित होने के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि ऐसी सूचना है कि सरकारी कर्मचारियों को खासतौर पर दूसरे राज्यों में चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुविधा केंद्र पर मतदान का विकल्प चुनने को कहा गया है क्योंकि उनसे 12डी फार्म पर हस्ताक्षर करने को कहा गया है। सतीशन ने कहा, हालांकि, सुविधा केंद्रों पर 21,22,23 अप्रैल 2024 को मतदान करने की व्यवस्था की गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, चूंकि वे केरल के बाहर तैनात हैं और इसलिए यह तय है कि वे सुविधा केंद्र पर मतदान करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकेंगे। यह नियम एक तरह से उनके मतदान करने के कानूनी अधिकार से वंचित करना है। पत्र में कहा गया कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार पुलिस की 18 कंपनी को जिनमें प्रत्येक में 72 सदस्य और 40 अधिकारी शामिल हैं, इस प्रकार कुल 1,336 मतदाता राज्य के बाहर तैनात हैं, उन्हें उनके वैध मतदान अधिकार से वंचित कर दिया जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि मतगणना की तारीख से पहले एक सुविधाजनक समय सीमा एक व्यवहार्य विकल्प है जिस पर विचार किया जा सकता है।

पहला चरण एनडीए और विकसित भारत के पक्ष में गया : पीएम मोदी

मैं सिर्फ नीतियां नहीं बनाता, गारंटी भी देता हूं : मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस मौके पर जेडीएस प्रमुख एचडी देवेगौड़ा भी मौजूद थे और उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा किया। इस निर्वाचन क्षेत्र में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होगा। सात चरण के आम चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने और उनकी सरकार ने लोगों के लिए कड़ी मेहनत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव का पहला चरण एनडीए और विकसित भारत के पक्ष में गया है। आज मैं अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आप सभी के बीच आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। उन्होंने कहा कि आपके लिए मैंने दिन-रात मेहनत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आपका सपना मेरा संकल्प है। मेरे जीवन का प्रत्येक क्षण आपके और देश के लिए समर्पित है।' 2047 के लिए 24/7... मैं सिर्फ नीतियां नहीं बनाता, गारंटी भी देता हूं। उन्होंने कहा कि यह मेरा कर्तव्य है कि मैं अपने काम का रिकार्ड देश के सामने रखूं। मैं यहां

अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आया हूं...मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए! मुझे आशीर्वाद दें ताकि मैं आपके लिए, अपने देश के लिए काम करना जारी रख सकूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आपको अपना परिवार मानता हूँ! मैं आपके लिए दिन-रात काम कर रहा हूं...आपका सपना मेरा संकल्प है! पल पल, आपका नाम...पल-पल, देश के नाम...2047 के लिए 247! उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की कल्याणकारी पहलों के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी, ओबीसी रहे हैं। पिछली सरकार के शासन के दौरान, एससी और एसटी समुदाय असम्मानजनक जीवन जीते थे... वे जीर्ण-शीर्ण घरों में रहते थे, जहां उनके पास कोई बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। उन्हें सरकार से सारी उम्मीदें खत्म हो गई थीं। लेकिन अब, मोदी की गारंटी ने सरकार में उनका विश्वास बहाल कर दिया है!

नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार सहकारिता आंदोलन का दायरा बढ़ा रही है। साथ ही, हमने बाजरे को दुनिया भर के बाजारों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। इस कदम से चिक्काबल्लापुर और कोलार के किसानों को अत्यधिक लाभ होगा... यह हमारे किसानों के लिए आय सृजन के अवसरों को बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाएगा।

जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों की पारंपरिक सीमाएं धुंधली हो रही हैं : वायुसेना प्रमुख

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने कहा है कि जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं, जिससे युद्ध क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव आ रहा है। शुक्रवार को तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए ऐसी क्षमताएं विकसित की जानी चाहिए जो अंतरिक्ष में हमारे हितों की रक्षा के लिए आवश्यक होंगी। अपने संबोधन में एयर चीफ मार्शल ने रेखांकित किया कि नयी प्रौद्योगिकियों की तेजी से हो रही वृद्धि और निजी क्षेत्र के लिए दरवाजे खोलने के साथ चीजों की स्थापित योजना में बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे नए समाधान मिलने के साथ कम लागत पर अन्वेषण के दरवाजे भी खुल रहे हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हालांकि, इन नयी संभावनाओं के साथ नए खतरे भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, हम निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ अंतरिक्ष का लोकतंत्रीकरण देख रहे हैं।

ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने टक्कर मारी, चार महिलाओं की मौत, 20 अन्य घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के बिछवां थानाक्षेत्र के फर्दपुर गांव के पास शनिवार तड़के एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे चार महिलाओं की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बिछवां पुलिस थाने के निरीक्षक अवनीश कुमार त्यागी के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ, जिसमें तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायल 20 पुरुषों और महिलाओं को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और तीन महिलाओं सहित चार अन्य को गंभीर हालत में सैफई अस्पताल ले जाया गया। हादसे में घायल और अस्पताल में भर्ती वीरेंद्र सिंह लोधी राजपूत ने कहा कि 25 महिलाओं सहित लगभग

35 लोग करौली पुलिस थानाक्षेत्र के बेलधारा गांव में बेटी के बच्चे के नामकरण समारोह में भाग लेने गए थे और वहां से ट्रैक्टर-ट्रॉली में वापस लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि वे (कन्नौज) के छिबरामऊ थाने के कुएरपुर गांव जा रहे थे। राजपूत ने बताया कि जब वे फर्दपुर गांव के पास पहुंचे, तभी ट्रैक्टर की हेड लाइट में कुछ खराबी आ गई और वे वाहन को सड़क किनारे खड़ा करके उसे ठीक कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे उसमें बैठे कई लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बिछवां पुलिस जल्द ही दुर्घटनास्थल पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में फुलमत (35), रमाकांती देवी (45) और संजय देवी (30) की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि द्रोपदी देवी (40) की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

यूपी बोर्ड का रिजल्ट जारी, 10वीं में 89.55% तो 12वीं में 82.60% पास

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद कक्षा 10वीं की परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। जो उम्मीदवार यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में उपस्थित हुए थे, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में सीतापुर की प्राची निगम ने टॉप किया है। आप नीचे दी गई सूची में 10वीं के टॉपर्स के नाम देख सकते हैं।

हाई स्कूल टॉप 3 टॉपर्स की सूची

प्राची निगम- रैंक 1
दीपिका सोनकर- रैंक 2
नव्या सिंह- रैंक 3
स्वाति सिंह- रैंक 3
दीपांशी सिंह सेंगर रैंक 3
अर्पित तिवारी- रैंक 3
यूपी बोर्ड 10वीं परिणाम की जांच करने और डाउनलोड करने के लिए, छात्रों को अपना यूपी बोर्ड रोल नंबर और जन्म तिथि जैसे विवरण प्रदान करना होगा। 10वीं कक्षा में 89.55% छात्र बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। लड़कियों ने 93.40% का उत्तीर्ण प्रतिशत हासिल किया और उन लड़कों को पीछे छोड़ दिया जिनका उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05% है। प्राची निगम ने कक्षा 10 की अंतिम परीक्षा में 591/600 या 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया है। छात्रों को ध्यान देना चाहिए कि ऑनलाइन उपलब्ध डाउनलोड की गई मार्कशीट मूल यूपी बोर्ड मार्कशीट नहीं होगी। परिणाम घोषित होने के कुछ दिनों के बाद मूल मार्कशीट संबंधित स्कूलों से एकत्र की जाएगी। इस साल लड़कियों ने लड़कों से 7.35 फीसदी बेहतर प्रदर्शन किया है. लड़कियों का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 प्रतिशत रहा जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 प्रतिशत रहा। इस साल यूपी बोर्ड कक्षा 10 की परीक्षा के लिए लगभग 29.47 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 15.71 लाख पुरुष और 13.76 महिला उम्मीदवार थीं।

12वीं के परिणाम

उत्तर प्रदेश माध्यमिक परिषद, प्रयागराज ने 12वीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। वे सभी जो यूपी बोर्ड इंटर परीक्षा 2024 में उपस्थित हुए थे, वे अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट upresults.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं। इस वर्ष कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 82.66 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जो कि पिछले वर्ष की बोर्ड परीक्षा के प्रदर्शन की तुलना में वृद्धि है। पिछले साल यह 75.52 फीसदी दर्ज किया गया था। पिछले साल इंटर परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की संख्या कुल 27,69,258 छात्र थे। इस साल, कुल 25,60,882 छात्रों के लिए यूपी बोर्ड इंटर परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च तक 7,864 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इन छात्रों में से 11,48,076 लड़कियाँ थीं, और 4,12,806 लड़के थे। परिणामों के अनुसार, लड़कियों ने लड़कों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78% था, जबकि लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42% था।

इंटरमीडिएट परीक्षा में शुभम वर्मा ने किया टॉप

12वीं कक्षा में शुभम वर्मा ने 97.58 प्रतिशत के साथ टॉप किया है। दूसरा स्थान 97.60 प्रतिशत के साथ विशु चौधरी, काजल सिंह, राज वर्मा, कशिश मौर्य, चार्ली गुप्ता और सुजाता पांडे ने हासिल किया है। इसके अलावा, तीसरा स्थान पांच छात्रों - शीतल वर्मा, कशिश यादव, आदित्य कुमार यादव, अंशिका विश्वकर्मा और पलक सिंह ने 97.40 प्रतिशत के साथ हासिल किया है।

हीरालाल यादव बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा आंचल गुप्ता ने हाई स्कूल में जिले में प्राप्त किया चौथा स्थान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । हीरालाल यादव बालिका इण्टर कॉलेज, गौरी, सरोजनी नगर, लखनऊ कि बालिका आँचल गुप्ता ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा-2024 में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया और विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। आँचल गुप्ता के पिता नरेन्द्र गुप्ता पेशे से एक ड्राइवर है और माता संगीता गुप्ता एक ग्रहणी है। आफरीन खान ने इण्टरमीडिएट (विज्ञान वर्ग) बोर्ड परीक्षा-2024 में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में 10 वाँ स्थान प्राप्त किया और विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। आफरीन के पिता जमशेद अली खान एक किसान हैं और माता कैसर सुल्ताना एक ग्रहणी हैं। विद्यालय की लगभग 15 छात्राओं ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा - 2024 उत्तीर्ण की है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक राम सिंह यादव ने छात्राओं को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किय तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त् अवसर पर प्रबन्ध निदेशक इ0 अनुराग, प्रधानाचार्या प्रतिभा पाण्डेय विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाएँ एवं छात्राएँ उपस्थित रहें।

विश्वकर्मा महासभा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, विश्वकर्मा महासभा का कार्यकर्ता सम्मेलन विश्वकर्मा भवन नरौली आजमगढ़ के सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सदर लोकसभा धर्मेन्द्र यादव पूर्व सांसद थे। विशिष्ट अतिथि लालगंज लोकसभा प्रत्याशी दरोगा प्रसाद सरोज, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्वमंत्री रामआसरे विश्वकर्मा, विधायक दुर्गा प्रसाद यादव जिलाध्यक्ष हवलदार यादव थे। कार्यक्रम का संचालन महासभा के नगर अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा तथा अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र विश्वकर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव ने विश्वकर्मा समाज का चुनाव में सहयोग और समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि सांसद बनने पर आजमगढ़ का कर्ज उतार दूंगा।

धर्मेन्द्र यादव ने समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि श्रद्धेय नेताजी ने विश्वकर्मा समाज को जो सम्मान दिया है उसे हम समय आने पर आगे बढ़ाने का करेंगे। विश्वकर्मा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि नेताजी ने पिछड़ों की पहचान बनायी और अखिलेश यादव जी ने उससे आगे बढ़ाया। सभी को हिस्सेदारी व सम्मान दिया। उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन में अपील करते हुए कहा कि आने वाली 25 मई को अति पिछड़े समाज का एक-एक वोट समाजवादी पार्टी को देकर आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से धर्मेन्द्र यादव तथा लालगंज लोकसभा से प्रत्याशी दरोगा सरोज को भारी मतों से जितायें और देश में अखिलेश यादव के नेतृत्व को मजबूत करें। कार्यक्रम में अमरनाथ विश्वकर्मा, हरिकेश विश्वकर्मा, मनी विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, अम्बिका विश्वकर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, रामचन्दर विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, उदय श्याम विश्वकर्मा सहित हजारों विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित थे।

लखनऊ ट्रामा सेंटर बना प्राइवेट अस्पताल के दलालों का अड्डा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ का ट्रामा सेंटर बना प्राइवेट अस्पताल के दलालों का अड्डा ,पूरी रात प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर , एम्बुलेंस कर्मी रात भर ट्रामा सेंटर घेरे रहते हैं बस इस इंतेजार में की कब शिकार निकले कब उसको प्राइवेट अस्पताल में जा कर बेचा जाए, थाना वजीरगंज एवं चौक दोनों की आंख में धूल झोंकते नजर आएंगे ये प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर और एम्बुलेंस कर्मी। पूरी रात अपना अस्पताल छोड़कर रात भर कार में डाक्टर एवं एम्बुलेंस कर्मी बैठे रहते हैं , कब ट्रामा सेंटर से मरीज को जवाब मिले ,की वहां वेंटीलेटर, ऑक्सीजन, बेड या अन्य किसी इलाज सम्बन्धी कोई अभाव हो कब ये बाहर बैठे गिद्ध उनका मॉस नोचना और खून पीना शुरू करे ।प्राइवेट अस्पताल में मरीजों को बेचने की कीमत दलालो को 30 से 40 प्रतिशत तक मिलती है, ये सिलसिला यहाँ कई वर्षों से लगातार चला आ रहा है, पुलिस भी कही न कही ये सब रोकने में हताश नजर आ रही है, बाहर जिलों से लाये गए मरीज और लखनऊ के लोकल मरीजो की जान से खिलवाड़ का जरिया बनते जा रहे है प्राइवेट अस्पताल, अभी हाल में ही गोलागंज क्षेत्र में बना एक प्राइवेट अस्पताल इस बात का प्रमाण हैं, और ऐसे न जाने कितने अस्पताल है जो पेपर और टीवी चैनल के माध्यम से आये दिन सुर्खियों में बने रहते हैं, जिनके न दस्तावेज पूरे है, न उसमे कार्य कर रहे डॉक्टरों की डिग्रियां ।

जहा एक तरफ स्वास्थ्य विभाग और हमारे मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकारी अस्पतालों को लगातार उच्च से उच्च सुविधाएं दे रहे है, वही ये प्राइवेट अस्पताल के संचालक क्यो सरकारी अस्पतालों से मरीजो को वहाँ से निकलने पर और अपने अपने प्राइवेट अस्पताल में गुमराह कर के क्यो भर्ती करने को मजबूर कर रहे हैं। क्यो हो रहा है ऐसा मानवता को शर्मसार करने का कार्य, ।आखिर क्यों रात भर प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर ,और एम्बुलेंस कर्मी रात भर ट्रामा सेंटर के बाहर चुपचाप तरीके से लगाए रहते हैं डेरा ,क्या वजह है इन सब के पीछे ।

तेज रफ्तार बाइक रेलवे ओवर ब्रिज पर डिवाइडर से टकराई,एक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में शुक्रवार रात एक तेज रफ्तार बाइक रेलवे ओवर ब्रिज पर अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठा युवक उछलकर करीब 25 फीट नीचे एक मकान की छत पर जा गिरा और उसकी मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने सचिन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत जैतीपुर निवासी सचिन रावत (20) अपने चचेरे भाई अभिषेक (22) के साथ शुक्रवार रात करीब 9 बजे अपाचे बाइक से काकोरी के कालिया खेड़ा गांव से वापस अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में नादरगंज - मौंदा रोड पर सरोजनीनगर के अमौसी रेलवे स्टेशन स्थित ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पुल के डिवाइडर से टकरा गयी। इस हादसे में सचिन उछलकर पुल से करीब 25 फीट नीचे गुड्डू यादव की छत पर जा गिरा। जबकि अभिषेक वहीं रोड पर काफी दूर जा गिरा। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों को पास के टीएस मिश्रा हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सचिन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सरोजनीनगर के श्रवण कुमार : वृद्धजनों को निरंतर अयोध्या दर्शन करा रहे डॉ. राजेश्वर सिंह

- जयकारों की गूँज के बीच हरदोइया लालनगर के श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या पहुंची विधायक राजेश्वर की रामरथ बस सेवा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। अयोध्या दर्शन को निकली बस में बैठे यात्रियों में देखने लायक उत्साह था। कोई कीर्तन का रहा था, कोई राम नाम का जाप तो कोई जयकारे लगा रहा था, शनिवार को यह दृश्य देखने को मिला सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक द्वारा नियमित संचालित रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा (निःशुल्क बस सेवा) के दौरान। विधायक राजेश्वर सिंह हर महीने कम से कम एक बार किसी गाँव के वृद्धजनों को अयोध्या दर्शन कराने के लिए बस सेवा का संचालन किया जाता है, इस क्रम में शनिवार को काकोरी के हरदोइया लालनगर से 22वीं राम रथ संचालित की गयी। सुबह से ही विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम यात्रा से जुडी तैयारियों को अंतिम रूप दे रही थी, 7 बजे तक सभी यात्रा निर्धारित स्थान पर पहुँच गए, जहाँ अंगवस्त्र पहना कर सभी यात्रियों को बस में बिठाया गया। पूरी यात्रा के दौरान विधायक की टीम के सदस्य महिलाओं और पुरुषों सभी का ख्याल रख रहे थे, उनके लिए नाश्ता पानी और भोजन की व्यवस्था भी विधायक द्वारा की गयी, अयोध्या पहुँचने पर बस के लिए निर्धारित स्थान से सभी यात्रियों को आगे ले जाने के लिए बैटरी रिक्शा की व्यवस्था, हनुमान गढ़ी में दर्शन कराने और प्रसाद दिलाने की व्यवस्था भी विधायक द्वारा ही की गयी। राम रथ से अयोध्या पहुंचे कुछ श्रद्धालुओं ने सरयू में दुबकी लगाई तो कुछ ने घाट किनारे बैठ कर ही दिव्य, भव्य और नव्य अयोध्या की मनोहर छटा निहारी, राम जन्म भूमि पर पर बने भव्य राम मंदिर के दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर नजर आये। राम लला के दर्शन के बाद बड़ी देर तक सरोजनीनगर के श्रद्धालु एकटक राम मंदिर की शोभा निरखते रहे। खुशी के आंसुओं से नम आँखे लिए श्रद्धालु अपने विधायक को साधुवाद और आशीर्वाद दे रहे थे, हरदोइया निवासी वृद्धा इस क्षण भावुक होते हुए बोली कि भला हो विधायक राजेश्वर सिंह का जिनके कारण भगवान राम के पावन धाम आने का मेरा सपना पूरा हो सका। अयोध्या में भीड़ झ भाड़ के बीच भी सरोजनीनगर के दर्शनार्थियों ने आराम से अयोध्या के दर्शन किये, विधायक की टीम द्वारा पुख्ता व्यवस्था किये जाने के कारण किसी को कोई असुविधा नहीं होने पायी। देर शाम रामरथ बस सेवा सभी दर्शनार्थियों को लेकर अयोध्या से वापस लौट चली, रास्ते में सभी श्रद्धालुओं को श्रीमदभगवतगीता और प्रसाद भी प्रदान किया गया। बाराबंकी पहुँचने पर पुनः सभी के लिए भोजन का प्रबंध किया गया, रात्रि होने से पहले सभी यात्रियों को विधायक की टीम द्वारा सकुशल उनके घर तक पहुंचाया गया। अपनी विधानसभा क्षेत्र की जनता को परिवार मानने वाले विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह सही मायने में आज के जमाने के श्रवण कुमार हैं, जिनके द्वारा अबतक करीब 4000 वृद्धजनों और महिलाओं को अयोध्या व नैमिशरण्य के दर्शन कराया जा चुका है। इस सम्बन्ध में डॉ. राजेश्वर सिंह का कहना है, मेरे राजनीति में आने का उद्देश्य ही लोगों को वास्तविक खुशी दे पाना, जनता के सुख झ दुःख का सच्चा साथी बनना है। प्रभु श्रीराम की कृपा और पूज्य माँ तारा सिंह जी की प्रेरणा से वृद्धजनों को अयोध्या दर्शन कराने के लिए यह बस सेवा अनवरत चलती रहेगी।

बैंक अफसर के तीसरी मंजिल फ्लैट से गिरकर मेड की मौत

- गोमतीनगर विस्तार के एमआई रसल कोर्ट अपार्टमेंट की घटना
- युवती की मां ने लगाया फ्लैट से धकेलने का आरोप, तहरीर नहीं दी
- पौधों में पानी डालते वक्त तीसरी मंजिल की बालकनी से गिरी

लखनऊ। गोमतीनगर विस्तार स्थित एमआई रसल कोर्ट अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर रह रहे असिस्टेंट बैंक मैनेजर के फ्लैट से गिरकर युवती की मौत हो गई। अपार्टमेंट कैंपस में खून से लथपथ युवती को पड़ा देख लोगों ने शोर मचाया। युवती को लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बैंक अधिकारी का कहना है कि युवती बालकनी में लगे पौधों में पानी डाल रही थी। संतुलन बिगड़ने से वह गिर गई है। वहीं, युवती की मां ने बेटी को तीसरी मंजिल से धक्का देकर गिराने का आरोप लगाया है।

परिवारवादी राजनीति के कारण पासी समाज का सपा प्रत्याशी आर चौधरी के साथ लाम बंद होने के आसार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । जैसे-जैसे नामांकन की तिथि नजदीक आ रही है वैसे-वैसे राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलते जा रहे हैं, लखनऊ जिले की मोहनलालगंज (सु०) संसदीय क्षेत्र में इस बार लड़ाई रोचक होने के आसार बन रहे हैं, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं स्थानीय सांसद के परिवारवादी राजनीति के कारण पासी समाज का सपा प्रत्याशी की ओर एकजुट होने के आसार बन रहे हैं ।

विगत 10 वर्षों से सांसद और केंद्र सरकार में राज्यमंत्री कौशल किशोर द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य न कराए जाने से क्षेत्रीय जनता में असंतोष व्याप्त है यही नहीं केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा विगत विधानसभा चुनाव में अपने बड़े बेटे के लिए सिधौली विधानसभा क्षेत्र से तथा छोटे बेटे के लिए मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र से टिकट की जोरदार पैरवी कर रहे थे, लेकिन भाजपा नेतृत्व ने एक बार पुनः उनकी पत्नी वर्तमान विधायक जय देवी कौशल को ही केवल टिकट दिया, लेकिन फिर भी बताया जाता है कि मोहनलालगंज सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से कौशल किशोर ने अपने रसूख का इस्तेमाल करते हुए कथित रिश्तेदार को टिकट दिलाने में सफलता प्राप्त कर ली, इसके अलावा विगत पंचायत चुनाव में केंद्रीय मंत्री ने अपनी पुत्रवधू को जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़वा कर जिला पंचायत अध्यक्ष बनवाने का मंसूबा संजोए थे जिसमें उनको बुरी तरह से पराजय का सामना करना पड़ा था, इन्हीं कारणों को लेकर पासी समाज के नेताओं में रोष व्याप्त है । पासी समाज के नेताओं का मानना है कि जब केवल परिवार के लोगों को ही बढ़ावा मिलेगा तो फिर पासी समाज के अन्य नेता क्या घर में बैठकर अपनी राजनीति समाप्त कर लेंगे, बताया जाता है कि भाजपा ने पूर्व सांसद रीना चौधरी को जिला पंचायत सदस्य का टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा था, और संभावना यह भी थी कि भाजपा पूर्व सांसद रीना चौधरी को जिला पंचायत अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बन सकती है, उसमें भी सांसद कौशल किशोर के लोगों ने उनको पूरी ताकत लगाकर हरा दिया था । समाजवादी पार्टी से चुनाव मैदान में पूर्व मंत्री आर के चौधरी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं आर के चौधरी मोहनलालगंज विधानसभा सुरक्षित क्षेत्र से विधायक एवं मंत्री रह चुके हैं और यह पासी समाज के बड़े नेताओं में गिने जाते हैं वैसे श्री चौधरी बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से रहे हैं जिसका भी लाभ इनको चुनावी मैदान में देखनेको मिल रहा है, पूर्व में श्री चौधरी ने अपनी पार्टी बी एस फोर का भी गठन किया था जिससे वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र से रुद्र दमन सिंह उर्फ बबलू ने चुनाव लड़ा था और उन्होंने लगभग 42000 मत प्राप्त किए थे इस बार रुद्र दमन सिंह (बबलू) भी आर के चौधरी के साथ कदम से कदम मिलाकर मजबूती से उनकी मदद में लगे हुए हैं जिसके कारण आर चौधरी का पलड़ा मजबूत दिखाई पड़ रहा है । सपा प्रत्याशी आर चौधरी के मजबूत होने के ऐसे अनेक कारण हैं ।विगत 10 वर्षों के संसदीय कार्यकाल में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद के द्वारा ऐसा कोई भी उल्लेखनीय कार्य क्षेत्र में नहीं कराया गया जिसको यह बताया जा सके कि यह स्थानीय सांसद ने उल्लेखनीय विकास कार्य कराया है। भारत सरकार में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ शहर के बाहरी क्षेत्र में आउटर रिंग रोड किसान पथ का निर्माण कराया इसके अलावा सरोजनी नगर विधानसभा में रक्षा उत्पादन क्षेत्र में बहुत बड़ा उद्यम स्थापित किया गया ।

हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से फिर जली गेहूं की फसल

- ग्रामीणों ने दमकल गाड़ियों पर लगाया देर से आने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

गेहूं की फसल में लगी आग - फोटो

लखनऊ। शनिवार को किसानों के खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों में स्पार्किंग हुई। इससे निकली चिंगारी खेत में गिर गई। चिंगारी से किसानों कि गेहूं की फसल में आग लग गई। किसानों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक सारी फसल जलकर राख हो गई थी। करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड टीम। किसानों ने बताया कि यही एकमात्र पूरे साल का सहारा था वह भी जलकर राख हो गया।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सस्पन के वृंदावन गांव में शनिवार सुबह करीब 11 बजे खेत के ऊपर से निकले 11 हजार हाईटेंशन लाइन में स्पार्किंग होने लगी इस दौरान चिंगारी किसानों के गेहूं की फसल में गिर गई। इससे फसल में आग लग गई। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान दौड़कर पहुंचे आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। गांव से लोग दौड़कर पहुंच। सभी ग्रामीणों ने पेड़ से पत्ते तोड़ और बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया। सस्पन निवासी सुलेमान और उनके भाई नत्था की दो-दो बीघा सहित रामसेवक की करीब डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। उक्त किसानों ने बताया कि यही एकमात्र पूरे साल का सहारा था वह भी उसी खेत में राख के ढेर में तब्दील हो गया। किसानों ने तहसील प्रशासन समेत हल्का लेखपाल को आग से फसल जलने की सूचना दी। इससे पहले भी मलिहाबाद सर्किल के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से करीब 50 बीघा से अधिक फसल बिजली लाइनों व अज्ञात कारणों से जलकर राख में तब्दील हो चुकी है।

खुशी फॉउण्डेशन व मैक्स हॉस्पिटल के तत्वावधान में निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी जांच शिविर आयोजित

- इंदिरानगर स्थित अग्निशमन एवं आपात सेवा केंद्र पर आयोजित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। खुशी फॉउण्डेशन और मैक्स हॉस्पिटल के तत्वावधान में शुक्रवार को इंदिरानगर स्थित अग्निशमन एवं आपात सेवा केंद्र पर निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अग्निशमन एवं आपात सेवा केंद्र के अग्निशमन अधिकारी शत्रुघन ने किया। शिविर में 100 से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सम्बंधित निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श के साथ ईसीजी एवं शुगर जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गयी। इस दौरान डॉ. विनीता द्विवेदी (होम्योपैथिक स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने भागदौड़ भरी जिन्दगी के बीच स्वस्थ रहने के नुस्खे बताये एवं महिलाओं को तनाव मुक्त रहने का मंत्र भी दिया। मैक्स हॉस्पिटल से सुधांशु मिश्रा ने बताया कि आजकल की तनाव भरी जिंदगी और बदलती लाइफ स्टाइल के चलते बीमारियाँ बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए मैक्स हॉस्पिटल ने खुशी फॉउण्डेशन के साथ यह निःशुल्क शिविर आयोजित किया है। शिविर की सफलता को देखते हुए मैक्स हॉस्पिटल एवं खुशी फॉउण्डेशन द्वारा इस तरह के और भी शिविर आयोजित किये जाएंगे। डॉक्टर यसनो की निदेशक ज्योति ने बताया कि खुशी फॉउण्डेशन के सहयोग से हर माह इस तरह के निःशुल्क शिविरों का आयोजन किया जाता है जिससे कि आमजन तक ज्यादा से ज्यादा उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें और अब मैक्स हॉस्पिटल के सहयोग से इनमें और भी सुधार देखा जा सकेगा।

खुशी फॉउण्डेशन की तरफ से ऋचा द्विवेदी ने डॉक्टर यसनो और मैक्स हॉस्पिटल को धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्होंने दोनों ही संस्थानों की तरफ से भविष्य में इस तरह के और भी शिविर आयोजित करने की अपेक्षा की जिससे कि स्वस्थ उत्तर प्रदेश-स्वस्थ भारत का सपना साकार हो सके। शिविर के दौरान खुशी फॉउण्डेशन के पदाधिकारियों के अलावा गणेश मार्केट लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष रिंकू यादव, कोषाध्यक्ष विशाल चौरसिया एवं महामंत्री ए.के. द्विवेदी के साथ योग गुरु के. डी. मिश्रा भी शिविर के दौरान उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में गैराज में लगी आग, गाड़ियां जलकर हुई राख

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में शुक्रवार देर रात एक ट्रक बॉडी मेकर गैराज में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। तेज धुआं और आग की लपटें उठती देख आनन फानन इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पाकर पहुंची दमकल गाड़ियों के जरिए दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर काफी देर बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में गैराज में खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गई। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मुंशी खेड़ा के पास परवेज की अली बॉडी मेकर नाम से गैराज है। इस गैराज में दो आयसर, दो अशोक लेलैंड और एक ई रिक्शा खड़ा था। बताते हैं कि रात करीब 3:30 बजे गैराज के अंदर अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। तेज धुआं और आग की लपेट उठती देख लोगों ने इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर सरोजनीनगर अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में दमकल गाड़ी लेकर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की। लेकिन वहां खड़ी उक्त गाड़ियों में लगी आग बढ़ती चली गई। बाद में चौक और आलमबाग फायर स्टेशनों से गाड़ियां मंगाई गई। इसके बाद दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल इस अग्निकांड में वहां खड़ी गाड़ियों में आग लगने से काफी नुकसान होना बताया जा रहा है। उधर यहां आग कैसे लगी, इसका स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है।

नौकरी के नाम चार युवको से हड़पे लाखो रुपये , मुकदमा दर्ज

लखनऊ, आशियाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने नौकरी दिलाने के नाम पर लाखो रुपए हड़प लेने एवं पैसा वापस मांगने पर टरकाये जाने पर आरोपित युवक के खिलाफ स्थानीय थाने में शिकायत की हैं मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एच निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र आर एन शर्मा के मुताबिक बाराबंकी जनपद के नवाबगंज निवासी आरोपी आरोपी अविनाश चन्द्र श्रीवास्तव, पुत्र गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव ने नौकरी लगवाने के नाम पर चार युवको से एक लाख 95 हजार रुपये लिए थे लेकिन नौकरी नहीं दिला सको इस पर जब उससे फोन कर अपने पैसा वापस करने को कहा गया तो आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया और पैसा भी वापस नहीं कर रहा है आरोपित के हरकतों से त्रस्त आकर पीड़ित ने स्थानीय थाने पर आरोपित के खिलाफ नामजद शिकायत की हैं पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अमानत में ख्यानत की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है

पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के निधन पर भाजपा नेताओं ने व्यक्त की शोक संवेदना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भाजपा के कर्मठशील नेता, पूर्व सांसद व मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कर्मठशील नेता, भाजपा कार्यकताओं के प्रेरणास्त्रोत तथा मुरादाबाद के पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह का असामयिक निधन अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। सर्वेश सिंह का गोलोकवासी होना मुरादाबाद ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रभु श्रीराम चंद्र जी से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके समर्थकों व शोक संतप्त परिजनों को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ है।

भाजपा प्रत्याशी के निधन पर रालोद प्रवक्ता ने व्यक्त की शोक सवेदना

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कुंवर सर्वेश सिंह के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। श्री दुबे ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

संक्षेप

चालक को आई झपकी, पलटी बस, महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे कोरौरा गांव के पास सुबह चार बजे टूरिस्ट बस 12 सवारी बैठाकर दिल्ली से सिवान बिहार के लिए जा रही की तभी कोरौरा गांव के पास ड्राइवर शिवराज पुत्र गौरी शंकर निवासी खेर थाना खैर जिला अलीगढ़ को झपकी आ जाने से बस डिवाइडर से टकरा कर पलट गई मिनी बस में 12 यात्री घायल हो गए चीख पुकार से हड़कंप मच गया । सभी घायलो को यूपीडा के कर्मचारियों ने औरास सीएचसी में भर्ती कराया जहा डॉक्टर ने मुजाहिदीन खातून 50 वर्ष सूर्यवीर थाना महाराजगंज जिला सिवान बिहार को मृत घोषित कर दिया।अन्य 11 यात्री नूरशबा 29 वर्ष पत्नी साबिर खान,राजखान 17 वर्ष पुत्र साबिर खान निवासी दुर्गा पार्क नई दिल्ली थाना पालम,हामिद 42 वर्ष पुत्र आलम, मुस्कान 20 वर्ष पुत्री रियाज अहमद खान निवासी तेतरिया सिवान थाना हुसैनगंज बिहार ,इशरत खान 24 पुत्री अजमेर खान निवासी बिहार,अतिक खान 20 पुत्र आमिर खान निवासी बिहार,शमशाद खान 75 वर्ष पुत्र असीम खान,सैयद खान 13 वर्ष पुत्र रिजवान, निवासी सिवान बिहार, तारा खान 14 वर्ष पुत्र रिजवान निवासी सिवान बिहार घायल हो गए सभी को मामूली खरोच आने से डॉक्टर ने इलाज कर छुट्टी दे दी।मृतक की एक बेटी नूरशबा साथ में ही थी। मृतका अपनी दादी छोटी खातून की अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रही थी।कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र ने बताया की एक महिला की मौत हुई है बाकी सभी 11 यात्री सही है जिन्हे डॉक्टर ने इलाज करके घर भेज दिया।

गेस्ट हाउस के गेट पर खड़ी बाइक चोरों ने किया पार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के लखनऊ रोड पर स्थित अप्सरा पैलेस गेट के बाहर खड़ी अपाचे मोटरसाइकिल को शुक्रवार की रात को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। वाहन स्वामी ने कोतवाली में प्रार्थना पर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है मोहल्ला कटरा निवासी लईक पुत्र रहमतउल्लाह ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती 19 अप्रैल को रात लगभग 10:30 बजे वह अपनी अपाचे आरटीआर 180 सीसी नीले रंग की मोटरसाइकिल जिसका नंबर यू पी 35 ए यू 2681 से अपने घर से अप्सरा पैलेस लखनऊ रोड एक शादी में शामिल होने गया था। उसने अपनी बाइक अप्सरा पैलेस गेट के बाहर खड़ी कर गाड़ी को लॉक कर अंदर चला गया। रात में लगभग 11:15 बजे जब वह बाहर निकला तो उसकी गाड़ी वहां पर नहीं खड़ी थी। उसने बताया कि रात में ही गाड़ी की काफी खोजबीन की गई लेकिन गाड़ी का कोई पता नहीं चला। कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

जनपद के 5 छात्र प्रदेश स्तर पर टॉप-टेन में शामिल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। यूपी बोर्ड ने आज 12वीं का परिणाम घोषित किया है। जिसमें उन्नाव के 5 छात्र प्रदेश स्तर पर टॉपटेन में शामिल हैं। जिसमें हरिवंश लाल शुक्ला सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ऊंच गांव के छात्र शिवांश सविता ने 500 में 482 अंक हासिल किए हैं। लाल बहादुर इंटर कॉलेज पतारी भगवंत नगर के छात्रा आकांक्षा सिंह ने 500 में 482 अंक प्राप्त किए हैं।त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज बिहार की छात्रा नेहा वर्मा ने 500 में 481 अंक, आदित्य राजपूत ने 500 में 478 अंक, अलंकृता शर्मा ने 500 में 477 अंक, अनामिका सिंह ने 500 में 475 अंक, प्राप्त किए हैं। पति राजा महिपाल इंटर कॉलेज घाटमपुर खुर्द की छात्रा प्रिया सिंह ने 500 में 480 अंक प्राप्त किए हैं। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शुक्लागंज की छात्रा दीक्षा शुक्ला ने 500 में 479 अंक हासिल किए हैं। जीनियस पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज गंज मुरादाबाद के छात्र शिवम ने 500 में 478 अंक प्राप्त किए हैं।

लक्ष्मी नारायण इंटर कॉलेज बीघापुर के छात्र स्वतंत्र यादव ने 500 में 477 और आशीष कुमार ने 476 अंक, यश प्रताप सिंह ने 500 में 475 अंक हासिल किए हैं। मैचलेस विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गदन खेड़ा उन्नाव के छात्र ईरान ने 500 में 475 अंक हासिल किए हैं। एसडी इंटर कॉलेज टाँगपुर उन्नाव के छात्र तानिया गुप्ता ने 500 में 475 अंक हासिल किए हैं। नेहरू इंटर कॉलेज पहाड़पुर सुभाष उन्नाव के छात्र आर्य शुक्ला ने 500 में 474 अंक प्राप्त किए हैं।

रामाश्रय इंटर कॉलेज मिजार्पुर कला उन्नाव के छात्रा अर्सिया ने 500 में 474 अंक प्राप्त किए हैं। गायत्री ज्ञान विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हैदराबाद के छात्र रिमझिम सिंह ने 500 में 474 रन प्राप्त किए हैं। एसआरडी सैनी इंटर कॉलेज बांगरमऊ की छात्रा काव्य पटेल ने 500 में 473 हासिल किए हैं। और शिव बालक सिंह इंटर कॉलेज दौकाल खेड़ा की छात्रा दिव्या यादव ने 500 में 473 अंक प्राप्त किए हैं।

यू पी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में हाई स्कूल की छात्राओं ने जनपद में लहराया अपना परचम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। यूपी बोर्ड ने आज हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें उन्नाव की 3 छात्राएं प्रदेश स्तर पर टॉपटेन में शामिल हैं। उन्नाव के अलग-अलग स्कूलों में पढ़ने वाले 10वीं के 11 छात्रों ने जिले में परचम लहराया है। जिसमें त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा अनुष्का देवी ने 600 में 582 अंक, जानवी सिंह ने 600 में 581 अंक, लक्ष्मी नारायण पब्लिक इंटर कॉलेज बीघापुर में पढ़ने वाली वर्षा वाजपेयी ने 600 में 581 अंक हासिल किया है।

शुभी वाजपेयी ने 600 में 578 अंक, श्रेया पटेल ने 600 में 577 अंक, अर्तिका यादव ने 600 में 574 अंक हासिल किए हैं। अर्पित शुक्ला ने 600 में 572 अंक हासिल किए हैं। गिरजा शंकर सरला देवी पब्लिक इंटर कॉलेज बिहार के सुप्रिया शर्मा ने 600 में 580 अंक हासिल किए हैं। लाल बहादुर पब्लिक इंटर कॉलेज पतारी भगवंत नगर के छात्रा दिव्यांशी सिंह ने 600 में 579 अंक, जिया चौधरी ने 600 में 578 अंक हासिल किया है।पति राजा महिपाल इंटर कॉलेज घाटमपुर खुर्द उन्नाव के छात्र श्रेया शर्मा ने 600 में 578 अंक, आकर्षण सिंह ने 600 में 572 और प्राजंलि सिंह ने 600 में 572 अंक हासिल किए हैं। एसआर के इंटर कॉलेज के छात्र विनीत सोनी ने 600 में 577 अंक हासिल किए हैं। शिवाजी हायर सेकेंडरी स्कूल जगरनाथगंज उन्नाव की छात्रा नैंसी यादव ने 600 में 575 अंक हासिल किए हैं। श्रीमती स्वर्णलता इंटर कॉलेज बड़ादेव की छात्रा श्याम शुक्ला ने 600 में 574 अंक प्राप्त किए हैं। गंगा प्रसाद महतो सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शुक्लागंज के छात्र अभय आनंद ने 600 में 574 और अपर्णा शुक्ला ने 600 573 अंक हासिल किए हैं।सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शुक्लागंज के छात्रा मोनिका शाह ने 600 में 573 और रिया शर्मा ने 600 में 573 अंक हासिल किए हैं। मिथिलेश कुमारी सुंदरलाल लोधी इंटर कॉलेज नवाबगंज की छात्रा प्रिया प्रजापति ने 600 में 573 अंक हासिल किए हैं। महर्षि दयानंद सरस्वती मिशन इंटर कॉलेज शुक्लागंज के छात्र आयुष पाल ने 600 में 572 अंक हासिल किए हैं।बीआरए सर्वोदय इंटर कालेज में हाई स्कूल परिणाम में नैतिक विमल ने 94,83% नितेश कनौजिया 92 % स्नेहा सोनी 90 ,33% समरा प्रवीन 90 % अंक प्राप्त किए इंटर के छात्र दीपक यादव ने 90 %अंक हासिल किए बता दें कि जिले में 114 परीक्षा केन्द्रों पर 22 फरवरी से नौ मार्च तक यूपी बोर्ड हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं कराई गई थी। 10वीं की परीक्षाओं में 40178 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें काफी परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी थी। इसके बाद से मार्च से अप्रैल के प्रथम सप्ताह में मूल्यांकन पूरा कर लिया गया था।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के लालगंज उन्नाव हाइवे स्थित पचोड्डा गांव के निकट देर रात अज्ञात वाहन के बाइक में टक्कर मारने से युवक की मौत और साथी जख्मी हो गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी और घायल को जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया।

बीघापुर थाना क्षेत्र के जाजनपुर गांव के रहने वाले बजरंग का अट्ठाईस वर्षीय बेटा सतीश देर रात अपने एक साथी अतीश के साथ बाइक से बीघापुर की ओर जा रहा था। उन्नाव लालगंज हाइवे के पचोड्डा गांव निकट पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सतीश व अतीश दोनों सड़क पर गिर कर घायल हो गए। एक्सीडेंट सूचना किसी राहगीर ने थाना पुलिस को दी और मार्ग से गुजर रहे अन्य वाहन सवारों को रोककर घायलों का अस्पतालों को पहुंचाने का प्रयास किया। जब तक घायलों को अस्पताल ले जाया जाता, तब तक सतीश की मौत हो गई। जबकि अतीश को गंभीर हालत में अचलगंज सीएचसी भेजा गया।

जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। मृतक सतीश अविवाहित अपने मां बाप का इकलौता बेटा था। बेटे की मौत पर माता-पिता का रो रो कर बुरा हाल होता रहा। ग्रामीणों में चर्चा रहेगी सतीश बहुत ही मिलनसार था।

मतदाता जागरूकता थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर रेंजर्स के पांच दिवसीय शिविर के समापन पर आज शनिवार को छात्र-छात्राओं ने विपरीत परिस्थितियों में जीवन यापन के गुण टेंट लगाने और बिना बर्तन के भोजने आदि का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में टीम आजाद, टीम सुभाष व टीम सार्थक विजेता रही। निरीक्षण कर्ता डॉ सविता, सविता राजन, डॉ सुमन देवी ने रोवर रेंजर्स के पांच दिवसों में सीखे गये कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को इससे भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया। ट्रेनर भरत लाल व शिवम ने रस्सियों द्वारा पुल का निर्माण करने की विधि बताई। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में कैंप फायर के अन्तर्गत चारों दिशाओं के देवदूतों ने शांति का संदेश दिया व आग हुई है रोशन आओ गीत के साथ कैंप फायर की अग्नि को प्रज्जवलित किया। समूह गान शुभी, सिमरन, निशा, कविता, हर्षिता, पारुल शिवम, सूरज, आशू, शोभित, आयुष, ने प्रस्तुत किया। छात्र नसीर द्वारा शायरी प्रस्तुत की गई। प्राचार्य ने सफल आयोजन के लिये रोवर रेंजर्स प्रभारी डॉ किरन व सह प्रभारी धर्मेंद्र द्विवेदी की सराहना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अभय राजपूत, डॉ शैलजा त्रिपाठी, डॉ सुमन देवी सहित विनोद चंद्र मौर्य, संदीप कुमार अवस्थी, बलराम सिंह, कन्हैया लाल व बसंत लाल मौर्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

ग्रामीणों की मदद से गोवंश से भरा ट्रक पुलिस ने पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर आगरा की तरफ से जा रहा ट्रक किन्हीं कारणों से खराब हो गया जिसमें लगभग दो दर्जन से अधिक गोवंश लदे हुए थे। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार यह गोवंश कहीं अन्य जगह से लादकर लखनऊ की तरफ ले जा रहे थे लेकिन पशु तस्कर अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके और आखिर में पकड़े गए हालांकि राहगीरों की सूचना पर औरास पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त खड़े ट्रक को अपने कब्जे में लेकर जीवित को गौवंशों को ट्रक से निकलवा कर नजदीकी पशु आश्रय केंद्र पहुंचाया गया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विपरीत दिशा से आ रहे कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, 10वीं की छात्रा की मौत, भाई घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे पर नवीन मंडी के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार बहन की मौत हो गई और भाई घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है वही कार और चालक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू की है।

जानकारी के अनुसार लखनऊ के थाना मडियाव थाना क्षेत्र के हरिओम नगर के रहने वाले शिशुपाल सिंह अपने बेटे रजत सिंह और बेटी लाली उर्फ उमंग के साथ अचलगंज थाना क्षेत्र के मुगलपुर में बुआ के घर बाइक से जा रहे थे। अभी वह नेशनल हाईवे के नवीन मंडी के पास ही पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार सभी घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस में एंबुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उमंग को मृत घोषित कर दिया और भाई रजत का उपचार शुरू किया। मौत की जानकारी होने पर अस्पताल मौजूद परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते रहे। भाई ने बताया कि उमंग दसवीं की छात्रा थी। उधर सदर कोतवाली पुलिस ने एक्सीडेंट करने वाली कार और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

यूपी बोर्ड परीक्षा में जनपद की प्रिया सिंह को मिली 10वीं रैंक



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान पतिराजा महिपाल इण्टर कॉलेज घाटमपुर खुर्द के छात्रों ने फिर अपना लोहा मनवाया। कॉलेज की छात्रा प्रिया सिंह ने इण्टरमीडिएट की परीक्षा में पूरे प्रदेश में दसवां स्थान अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रिया ने 480/500 (96%) अंक प्राप्त कर प्राप्त किया। प्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों एवं माता - पिता को दिया। इण्टर की ही छात्रा अंशिका यादव ने 468/500 (93.66%) अंक तथा अनुष्का पटेल ने 467/500 (93.4%) अंक प्राप्त किए। वहीं हाईस्कूल की छात्रा श्रेया शर्मा ने 578/600 (96.33%) अंक अर्जित कर जनपद में पांचवां स्थान, आकर्षी पटेल एवं प्रांजलि सिंह ने 572/600 (95.33%) अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जनपद में दसवां स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, दो की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ कानपुर हाइवे स्थित आजाद मार्ग चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। दोनों के सिर के ऊपर से वाहन का पहिया गुजरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची अचलगंज थाना पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिये भेजा। वहीं पुलिस ने दोनों शवों की पहचान कराने के बाद घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी। मोर्चरी पहुंचे मृतक के परिवारीजनों का रो रो कर बुरा हाल होता रहा।

फतेहपुर जनपद के सुजावलपुर थाना क्षेत्र के औसेर खेड़ा निवासी अजय कुमार पुत्र मनोज कुमार उम्र करीब 28 वर्ष अपने साथी संदीप कुमार निवासी मंसूरपुर मोधनपुर के साथ बिना नंबर की बाइक से उन्नाव से कानपुर की ओर हाइवे होते हुये जा रहे थे, जैसे ही दोनों अचलागंज थाना क्षेत्र के लखनऊ कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आजाद मार्ग चौराहे के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों उछल कर सड़क पर जा गिरे। इस दौरान वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और अचलगंज पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिये भेजा है। वहीं पुलिस ने बताया कि मृतक अजय रेलवे का कर्मचारी है परिजनों को घटना की जानकारी दी गई तो प्राप्त हुआ कि दोनों फतेहपुर से बाइक पर सवार होकर लखनऊ जा रहे थे फिलहाल मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है परिजनों के द्वारा तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बारात जा रही अनियंत्रित मिनी बस खंती में पलटी, एक की मौत, दो दर्जन से अधिक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के सबली खेड़ा गांव के पास शनिवार सुबह गुड़गांव से बारातियों को लेकर जौनपुर जा रही बस चालक को झपकी आ जाने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 27 लोग घायल हो गए। एक्सप्रेसवे से गुजर रहे लोगों ने हादसे कि जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर सीओ बांगरमऊ भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और सभी घायलों को उपचार के लिए सीएससी में भर्ती कराया। जहां कुछ की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने के साथ ही घायलों के परिजनों को जानकारी दी है।हरियाणा राज्य के जिंजौली के रहने वाले रोहित पुत्र बलवंत सिंह गुड़गांव में रहकर नौकरी करता है। इनका विवाह जौनपुर में तय हुआ था। शनिवार को 32 लोगों के साथ बारात लेकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते से जौनपुर जा रहा था। उन्नाव के बेटा मुजावर थाना क्षेत्र के किलोमीटर 251 के पास बस चालक को झपकी आ जाने से वह पलट गई। जिससे उसमें सवार दिव्यांशु पुत्र राकेश निवासी जंजौली खरसेरा, रंजीत पुत्र महावीर, ज्योति पत्नी मनोज निवासी सोनीपत, पिंकी पत्नी निजाम बवाना दिल्ली, जुगेंद्र पुत्र अनूप सिंह सोनीपत, रोहतास पुत्र रामदीन सोनीपत, मनोज पुत्र रणधीर सिंह बहादुरगढ़, सागर पुत्र दलबीर, सोनिया पत्नी वीरेंद्र, ममता पत्नी प्रदीप जिंजौल सोनीपत, ज्योति पत्नी प्रदीप, साइले पुत्र जयबीर गुड़गांव, प्रदीप, निशा पुत्र जगवेंद्र, राकेश अनूप सिंह, गिरीश पुत्र जागेश्वर, नीरज पुत्र जीत सिंह दिल्ली, रविंद्र पुत्र महिपाल, सोनू पुत्र राकेश भिवानी समेत अन्य घायल हो गए।कुछ की हालत गंभीर होने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हादसे के बाद सभी में चीख पुकार मची रही। घटना की जानकारी थाना पुलिस को मिली सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया जहां कुछ की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिला अस्पताल में रविंद्र पुत्र महिपाल ने दम तोड दिया बस में कुल 32 लोग सवार थे पुलिस ने घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दी है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

खेत पर फसल काटने गए किसान की विद्युत करंट से मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। बिजली विभाग के लापरवाही के चलते झूलते तारों से आए दिन हादसे हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में आंकड़ों पर गौर किया जाए तो सैकड़ों बीघे गेंहू की सफल हाई टेंशन लाइन की चिंगारी गिरने से जलकर राख हुई है।

शनिवार को खेतों में गेहूं की फसल काटने पहुंचे एक किसान बिजली की तारों को चपेट में आ गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। फिलहाल पुलिस ने किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना आसीवन क्षेत्र के ग्राम मुन्नुखेड़ा मजरा मुंडा निवासी दिनेश सिंह 65वर्ष पुत्र स्व. शिवनाथ सिंह थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम मतलबपुर में खेतो में खड़ी गेहूं की फसल काटने पहुंचे थे। इसी दौरान खेत में ही पहले से बिजली का तार टूटा पड़ा था और सप्लाई चालू थी। दिनेश तारक चपेट में आ गए जिससे उन्हें करंट लग गया मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान आसपास के खेतों में गेहूं काटने किसानों ने देखा तो उन्होंने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। सूचना के बाद बिजली विभाग को घटना से अवगत कराया गया और सप्लाई बंद हुई। फतेहपुर 84 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है। साथ ही घटना की जानकारी परिजनों को दी है। किसान की मौत के बाद ग्रामीणों में बेहद आक्रोश देखा गया। किसान राम सजीवन ने कहा कि बिजली विभाग के लापरवाही के चलते आयदिन हादसे होते रहते हैं मृतक पांच बच्चो का पिता था जिसमे दो पुत्री एक पुत्र का विवाह कर दिया था उसकी मौत से पत्नी राजरानी समेत बच्चो का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

एस वी एम इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने जनपद में बनाया अपना दबदबा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रतिभाओं के कुंभ नरेंद्र भदोरिया ग्रुप आफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित एस.वी.एम. इंटर कॉलेज के छात्रों ने अपनी अप्रतिम प्रतिभा का परचम फहराते हुए जिले में अपना दबदबा बनाया हैक इस वर्ष इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में विज्ञान वर्ग में 380 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए ,इस बोर्ड परीक्षा में 165 छात्र छात्राएं ससम्मान उत्तीर्ण हुए क जिनमें 90 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राएं कोमल गौतम 92.8% गौरी मिश्रा 92% प्रसून सिंह 90% ज्योति यादव 90% वर्षा यादव 89% अंक प्राप्त कर विद्यालय व जिले का गौरव बढ़ाया है इसी प्रकार हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 292 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए जिनमें से 152 छात्र ससम्मान उत्तीर्ण होकर ग्रुप का नाम रोशन किया है इनमें तनु यादव 95.16% आयुष यादव 94% आदर्श पटेल 93.83 % काजल गौतम 91% अनुष्का गौतम 91% राज यादव 91% शिखा राजपूत 91% प्रबुद्ध अग्निहोत्री 91% कोमल यादव 90% तनिष्क यादव 90% दीपाली वर्मा 91% अंक प्राप्त कर अपना कीर्तिमान स्थापित किया है इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक वेणु रंजन भदौरिया ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उनके माता-पिता का धन्यवाद दिया क विद्यालय के निदेशक शिवांक रमन भदौरिया सभी छात्रों को बधाई देते हुए सफलता के शीर्ष पर पहुंचने की कामना की क इसके साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य रामवीर सिंह ने छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि जो छात्र एकाग्र होकर अध्यन करते हैं वे अपने जीवन में अवश्य सफल होते हैं क और दुनिया में अपना परचम फहराते हैं

सम्पादकीय

प्रलय को आमंत्रित करना है प्रकृति से छेड़छाड़

लगातार बढ़ रही आबादी और आधुनिक जीवनशैली ने इंसान की जरूरतों में बेतहाशा वृद्धि कर दी है। इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए मानव प्रकृति से न केवल छेड़छाड़ कर रहा है, बल्कि उसे तहस नहस करने पर आमादा है। अपनी महत्वाकांक्षा में मानव इतना मगन हो गया है कि उसने प्रकृति की परवाह करना ही छोड़ दिया है। वनों का निरंतर काटा जाना और कंक्रीट के जंगलों का विस्तार, पहाड़ों का सीना चीरना हो या फिर रेगिस्तान में महल बनाना इसी के सबूत हैं। वन भूमि के कटाव को रोकते हैं और बाढ़ की संभावना को कम करते हैं। अब समय-असमय अनेक नदियों में बाढ़ आती है, इसका कारण यही है कि हमने अपने वनों को नष्ट कर दिया है तो नदियों का पानी भी अनियंत्रित हो गया है। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पूरे विश्व के लिए काल बनी हुई है। इसका कारण भी मनुष्य द्वारा बनाए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों द्वारा उत्सर्जित हानिकारक गैसे हैं, जो वायुमंडल में एकत्रित होकर वायुमंडल के ताप को बढ़ा देती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियर निरंतर पिघलते जा रहे हैं। पहाड़ छोटे होते जा रहे हैं। शहरों में हरियाली कम होती जा रही है। वायुमंडल अस्वच्छ हो रहा है। समुद्र में असमय तूफान आ रहे हैं। इसका कारण भी यही है कि समुद्री जीव भी निरंतर कम होते जा रहे हैं, जो समुद्र के पर्यावरण को संतुलित करके रखते हैं। मनुष्य अपनी महत्वाकांक्षा में उन जीवों का या तो शिकार कर रहा है या फिर मनुष्य द्वारा किए गए कार्यों द्वारा उन जीवों को नुकसान पहुंच रहा है, इसलिए मनुष्य द्वारा प्रकृति से छेड़छाड़ के कारण प्राकृतिक आपदाएं हो रही है। प्रकृति से खिलवाड़ में एक नया शब्द जुड़ा है, क्लाउड सीडिंग। क्लाउड सीडिंग मौसम संशोधन तकनीक है, जो कुछ प्रकार के सबफ्रीजिंग बादलों में छोटे बर्फ के नाभिकों को शामिल करके बारिश या बर्फ पैदा करने की बादल की क्षमता में सुधार करती है। ये नाभिक बर्फ के टुकड़े बनने के लिए आधार प्रदान करते हैं। क्लाउड सीडिंग होने के बाद, नवगठित बर्फ के टुकड़े तेजी से बढ़ते हैं और बादलों से वापस पृथ्वी की सतह पर गिरते हैं, जिससे स्नोपैक और स्ट्रीमफ्लो बढ़ जाता है और बरसात हो जाती है। कुछ सालों में रेगिस्तान वाले इलाकों में इस तकनीक से बरसात करवाई जा रही है। संयुक्त अरब अमीरात पृथ्वी पर सबसे गर्म और शुष्क क्षेत्रों में से एक में स्थित है। यह देश बारिश को बढ़ाने के लिए क्लाउड सीडिंग तकनीक का उपयोग करने में आगे है। इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य बढ़ती आबादी और अर्थव्यवस्था की पानी की मांग को पूरा करना है, जो पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में विविधता ला रही है। यूएई ने 2002 में अपना क्लाउड सीडिंग ऑपरेशन शुरू किया। इसमें खास अवधि के दौरान बादलों की संरचना पर ध्यान केंद्रित किया गया, जब इनमें अतिरिक्त वर्षा की संभावना सबसे अधिक होती है। हाल ही में सीडिंग के लिए विमानों को अल-एन हवाई अड्डे से भेजा गया था। इसका परिणाम यह हुआ कि संयुक्त अरब अमीरात और उसके आस-पास के रेगिस्तानी इलाकों में मंगलवार को हुई भारी बारिश ने भयावह स्थिति बना दी। दुनिया के सबसे स्मार्ट शहरों में शुमार दुबई में हर तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा। हालत यह हुई कि दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बंद करना पड़ गया। शहर के हाईवे पर गाड़ियां पानी में फंस गईं और शॉपिंग माल से लेकर मेट्रो स्टेशन तक पानी घुस गया। यूएई से पहले ओमान के अधिकारियों ने बाढ़ की चेतावनी दी थी और बताया था कि देश में पिछले 75 साल में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। हालात ऐसे हो गए कि आसपास के देश भी बाढ़ की चपेट में आ गए। मौसम वैज्ञानिक इसे प्रकृति से ऐसी छेड़छाड़ को धरती के लिए विनाशकारी बता रहे हैं। अभी भी हालात बिगड़े नहीं हैं, लेकिन अगर यूं ही चलता रहा तो हमें प्रलय के लिए तैयार रहना होगा।

सुखद

रविशंकर

अर्थव्यवस्था को अच्छे मानसून से मिलेगी गति

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस साल भारत में 'सामान्य से ज्यादा' मानसून रहने की संभावना जताई है। अल नीना प्रभाव के चलते इस साल देश में मानसून अच्छा रहेगा। अगस्त-सितंबर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। दरअसल अर्थशास्त्री और नीति निर्माता भी मानसून का बेसब्री से इंतजार करते हैं और कामना करते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए अच्छी बारिश हो। मौसम विभाग की भविष्यवाणी यदि सही होती है तो ये देश की अर्थव्यवस्था से लेकर खेती-किसानी के लिए रामबाण हो सकती है। कहा जा रहा है कि मानसून सामान्य रहा तो फसलों की पैदावार अच्छी होगी जो महंगाई को नीचे लाने का काम करेगी। इससे ग्रामीण मांग में भी सुधार आएगा जो अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मदद करेगी। अच्छी बारिश का असर खरीफ फसलों के उत्पादन पर पड़ता है, जिससे कुछ खास खाद्य पदार्थों के दाम घट सकते हैं। चावल, बाजरा, रागी, अरहर, मूंगफली, कपास, मक्का, सोयाबीन आदि खरीफ फसलें हैं और इनका उत्पादन अधिकतर अच्छे मानसून पर निर्भर करता है। एक अनुमान के मुताबिक मानसून पर 2 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है और कम से कम 50 प्रतिशत कृषि को पानी वर्षा के जरिए ही हासिल होता है। लगभग 800 मिलियन लोग गांवों में निवास करते हैं और वे कृषि पर ही निर्भर हैं, जो कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 14 है। अगर मानसून असफल रहता है तो देश के विकास और अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सामान्य से ऊपर मानसून रहने पर कृषि उत्पादन और किसानों की आय दोनों में बढ़ोतरी होती है, जिससे ग्रामीण बाज़ारों में उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलता है। अच्छी बारिश से उद्योग जगत में भी बहार आती है। खेत से लेकर खाने की टेबल तक एक बड़ी चेन जुड़ी होती है। ऐसे में कमजोर मानसून पूरी वैल्यू चेन को बिगाड़ सकता है। जब वर्ष 2024 में एक अच्छा मानसून संभावित है, तब सरकार को, किसानों को मुस्कराहट देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभप्रद बनाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाना चाहिए। माना जा रहा है कि चार महीने की मानसूनी बारिश अर्थव्यवस्था के लिए मरहम साबित हो सकती है। देश की आधे से ज्यादा फसलें इसी मानसूनी बारिश से लहलहाती हैं। फसलों की पैदावार से खाने-पीने की चीजों के दाम तय होते हैं। पैदावार बढ़िया रही तो खाद्य पदार्थों की कीमतें कम रहेंगी। इससे आम आदमी को राहत मिलेगी। मानसूनी बारिश से खरीफ फसलों को लाभ होता है। साथ ही रबी सीजन यानी सर्दियों में बोई जाने वाली फसलों के लिए भी मिट्टी को नमी मिल जाती है। बढ़िया बारिश से देश के जलाशयों में पानी भरता है, जिससे किसानों को खेती के लिए पानी मिल पाता है इतना ही नहीं आरबीआई ब्याज दरें तय करते समय मानसून के प्रदर्शन, खाद्य उत्पादन और महंगाई दर पर ध्यान देता है, इसलिए अच्छे मानसून से ब्याज दरों में भी गिरावट आती है और कर्ज सस्ता होता है। अच्छे मानसून से किसानों की फसल अच्छी होने से क्रयशक्ति बढ़ेगी और उनके बाजारों की तरफ जाने वाले कदम बाजारों की चमक बढ़ाएंगे। वर्तमान समय मे अगर बात करे तो देश के किसानों को खेती करना काफी महंगा पड़ रहा है। बीज, खाद और डीजल के दामों मे तेजी के बाद किसानों के लिए खेती करना बड़ा मुश्किल कर दिया है। किसानों का मानना है कि अब खेती से लागत भी निकलना असंभव सा हो रहा है। ऐसे में खराब मानसून से हालात और जटिल हो सकते हैं। कम पैदावार से अनाज, फल-सब्जी और दूध जैसी रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के दाम और बढ़ सकते हैं।

नारे जिन्होंने बदल दिया सियासत का भूगोल

विचार

डॉ. संजय शुक्ला

इन दिनों देश में आम चुनाव की सरगर्मियां तेज है तथा सड़कों से लेकर सोशल मीडिया में विभिन्न राजनीतिक दलों के चुनावी नारों का शोर है। देश में चाहे चुनाव हो या कोई आंदोलन सभी में नारों की भूमिका अहम मानी जाती है। जनमानस में नारों का व्यापक असर आजादी के संघर्ष से लेकर स्वातंत्र्योत्तर भारत के चुनावी राजनीति में रहा है। मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक नारे वन लाइनर पंचलाइन होते हैं जो मस्तिष्क पर गहरा असर डालते हैं जो लोगों को काफी समय तक याद रहते हैं। वहीं नारे धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर बंटे हुए लोगों को एकसाथ लाने का कारगर जरिया भी है। नारों के इतिहास पर गौर करें तो देश के आजादी आंदोलन में महात्मा गांधी से लेकर पहली पंक्ति के नेताओं ने जनता को इस आंदोलन से जोड़ने के लिए अनेक नारे दिए जो आज भी इतिहास में अमिट हैं। इस आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 'करो या मरो' का नारा दिया तो पं. जवाहरलाल नेहरू ने 31 दिसंबर 1929 को कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज्य' और ' आराम हराम है ' का उद्घोष किया। इसी आंदोलन में शहीद भगतसिंह ने ' इंकलाब जिंदाबाद ' का आवाज बुलंद किया तो नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 'जय हिंद' और ' तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ' नारे ने लाखों देशवासियों में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष का जज्बा भर दिया। इसी संघर्ष के दौर में बाल गंगाधर तिलक ने 'स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार इसे मैं लेकर रहूंगा' का प्रण कर देशवासियों के मन में आजादी के प्रति प्रतिज्ञा का भाव जागृत कर दिया। अमर स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय ने 1928 में ब्रिटिश हुकूमत के साइमन कमीशन के खिलाफ मुंबई में 'साइमन गो बैक' का ऐलान कर सेनानियों में जोश भर दिया।

देश की आजादी के बाद राजनीतिक दलों के लिए नारे चुनावी वैतरणी पार करने का सशक्त माध्यम बन गया। देश के चुनावी राजनीति पर नजर डालें तो कोई भी चुनाव बगैर नारों के संपन्न नहीं हुआ बल्कि वर्तमान सोशल मीडिया के दौर में नारों को और भी ज्यादा विस्तार मिला है। मुल्क के सियासी इतिहास पर गौर करें तो कुछ नारों का जूनून लोगों के सर पर चढ़कर इतना बोला कि इसके चलते जनता ने सत्ता और नेता दोनों बदल दिया। पचास के दशक में पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने 'हिंदी-चीनी भाई-भाई ' का नारा दिया जो भारत के लिए विश्वासघाती साबित हुआ। साल 1952 के चुनाव में कांग्रेस ने'खरो रुपयो चांदी को, राज महात्मा गांधी को ' नारा दिया तो कम्युनिस्ट पार्टी ने ' देश की जनता भूखी है, यह आजादी झूठी है ' नारा दिया था। साल 1965 में भारत -पाक युद्ध के दौरान जब देश में खाद्यान्न की कमी हो गई तब पूर्व प्रधानमंत्री स्व लालबहादुर शास्त्री ने 'जय जवान, जय किसान' का आव्हान किया जिसने न केवल देश का मनोबल बढ़ाया बल्कि अगले चुनाव में कांग्रेस को जीत भी दिलाया। साल 1998 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने इसी में शब्द जोड़ते हुए ' जय जवान,जय किसान,जय विज्ञान ' नारा दिया। साठ के दशक में प्रसिद्ध गांधीवादी और समाजवादी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया ने नारा दिया ' समाजवादियों ने बांधी गांठ, पिछड़े पावे सौ में साठ ' इस नारे की प्रतिध्वनि आज इक्कीसवीं सदी में सुनाई पड़ रही है जब कांग्रेस सहित तमाम विपक्ष जातिगत जनगणना की मांग कर पिछड़ों की सियासत को आगे बढ़ा रहे हैं। 1971 के आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया जिसने उस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को 352 सीटों के साथ भारी जीत दिलाया। इसी कार्यकाल में सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के खिलाफ 'संपूर्ण क्रांति ' का आगाज हुआ जिसकी परिणति 1975 के आपातकाल के रूप में हुई। इस क्रांति की ही उपज 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' जैसे नारे रहे हैं। जेपी आंदोलन के बाद देश में अनेक गैर राजनीतिक जन आंदोलन हुए जिसे नारों ने ही जन-जन तक पहुंचाया था। लोकपाल विधेयक की मांग को लेकर 2011 में अन्ना हजारे के अगुवाई में हुए आंदोलन को 'मैं भी अन्ना, तू भी अन्ना...' , और 'अन्ना नहीं आंधी है, देश का दूसरा गांधी है ' जैसे नारों के लिए याद किया जाएगा। इस आंदोलन के बाद 2012 में दिल्ली में निर्भया के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और निर्ममता के विरोध में हुए 'निर्भया आंदोलन ' की आवाज को ' निर्भया अमर रहे....' और भारत माता की जय जैसे नारों ने सात समंदर पार पहुंचा दिया। गौरतलब है कि उक्त दोनों आंदोलनों ने तब के सत्ता की चूलें हिला दी।

अब सियासी नारों की ओर लौटें तो आपातकाल के दौरान ही कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने 'इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इज इंडिया ' नारा देकर नारों को व्यक्तिवादी बना दिया जो सिलसिला आज भी जारी है। इमरजेंसी के बाद जेपी की अगुवाई में 'जनता मोर्चा' का गठन हुआ जिसने 1977 के आम चुनाव में 'इंदिरा हटाओ, देश बचाओ' का नारा बुलंद कर पहली बार दिल्ली की सत्ता से कांग्रेस को रुखसत कर दिया। इसी दौर में 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' और 'अंधकार में एक प्रकाश, देश का नेता जयप्रकाश ' जैसे नारों को जनता ने हाथों - हाथ लिया।

कांग्रेस ने इस चुनाव में ' जब तक सूरज चांद रहेगा इंदिरा तेरा नाम रहेगा ' तथा इंदिरा गांधी के भुवनेश्वर में दिए गए अंतिम भाषण ' मैं जीवित रहूं या न रहूं, मेरे खून का एक- एक कतरा इस देश के लिए अर्पित है' को ही इलेक्शन कैंपेन के मुख्य धुरी में रखा। इस चुनाव में कांग्रेस को अभूतपूर्व विजय मिली लेकिन अगले चुनाव के ठीक पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता वीपी सिंह ने राजीव सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस छोड़ दिया। पार्टी छोड़ने के बाद पूरे देश में वीपी सिंह का स्वागत ' राजा नहीं फकीर है, देश की तकदीर है ' के नारे से किया गया। इस नारे ने 1989 के आम चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया लेकिन वीपी सिंह की अगुवाई वाली सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई और अपनों के ही बोझ तले गिर गई। अलबत्ता इस दौर में ही बाद देश में मंडल और कमंडल की राजनीति का उदय हुआ लेकिन 1991 के मध्यावधि चुनाव में दोनों मुद्दे कुछ खास नहीं कर पाई और कांग्रेस की एक बार फिर वापसी हुई। इस चुनाव अभियान के दौरान ही एक आत्मघाती हमले में भारत ने इक्कीसवीं सदी के स्वप्नदृष्टा राजीव गांधी को खो दिया। इसके बाद कांग्रेस ने 'राजीव तेरा ये बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान' दिया।

इस चुनाव के बाद देश की सियासत मंदिर और मस्जिद की दिशा में मुड़ गई और फिजां में 'जय श्रीराम', 'सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे' और 'बच्चा-बच्चा राम का, रामजन्म भूमि के काम का' जैसे नारों ने धार्मिक वोटों के ध्रुवीकरण को बढ़ा दिया। 1996 के आमचुनाव में 'सबको देखा बारी-बारी, अबकी बार अटल बिहारी' नारे का भी आगाज हुआ। 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ' इंडिया शाइनिंग ' नारा दिया लेकिन यह फ्लॉप साबित हुआ और भाजपा के हाथ से सत्ता छीन गई। 2014 के आम चुनाव आते-आते चुनावों में सोशल मीडिया की भूमिका निर्णायक बन चुकी थी। भाजपा ने अपने प्रधानमंत्री प्रत्याशी नरेंद्र मोदी को बढ़त दिलाने के लिए इस मीडिया का भरपूर इस्तेमाल किया।आम चुनाव में भाजपा के 'अच्छे दिन आएंगे', 'बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार मोदी सरकार' जैसे नारे मतदाताओं के सर चढ़कर बोला तो कांग्रेस ने इसके मुकाबले में ' हर हाथ शक्ति,हर हाथ तरक्की' और 'कट्टर सोच नहीं, युवा जोश ' जैसे नारों को आगे बढ़ाया। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव के ठीक पहले सोशल मीडिया में 'मैं भी चौकीदार ' अभियान को आगे बढ़ाया तो चुनाव में ' मोदी है तो मुमकिन है ' और 'अबकी बार फिर मोदी सरकार ' पंचलाइन को चुनावी हथियार बनाया। कांग्रेस के 'चौकीदार ही चोर है', ' मोदी हटाओ, देश बचाओ ' और 'अब होगा न्याय ' जैसे नारे लोगों का भरोसा जीतने में नाकाम रही और मोदी सरकार फिर सत्ता में लौटी। साल 2019 में छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भूपेश बघेल की अगुवाई वाली कांग्रेस ने 'परिवर्तन' नरवा,गरवा,घुरूवा अऊ बारी, ऐला बचाना हे संगवारी ' और ' गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ ' जैसे नारों ने राज्य के पंद्रह साल पुरानी भाजपा सरकार को सत्ता से रुखसत कर दिया। राज्य की राजनीति ने एक बार फिर से करवट ली और 2023 के विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी के दिए 'बदलबो-बदलबो ऐ दारी कांग्रेस के सरकार ल बदलबो' नारे ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर भाजपा के हाथों राज्य की कमान सौंप दी। इस आम चुनाव में भाजपा ने ' तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार चार सौ पार' जैसे नारे दिए हैं तो कांग्रेस ने ' हाथ बदलेगा हालात ....' का नारा देकर मोदी की गारंटी पर सवालिया निशान लगाने की कोशिश की है। अब देखना यह होगा कि देश के 97 करोड़ मतदाता आखिरकार किस नारे पर ऐतबार करते हैं ? अलबत्ता नारे महज चंद शब्द ही नहीं होते हैं बल्कि इन शब्दों में राजनीतिक भूगोल बदलने की भी ताकत होती है लिहाजा हर चुनाव में नारों का जोर और शोर रहेगा।

करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!

संकलित

दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं

संकलित

प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

अंतर्मन



आज की पाती

भगवान राम जी के आदर्श अपनाएं

हम भगवान श्री राम जी का जन्मदिन राम नवमी के रूप में मनाते हैं। जब-जब भी सृष्टि पर पाप बढ़ा है, असुरों के अत्याचार से प्राणी जाति संकट में आई है और सत्य, इनसानियत का पतन होने लगा है, तब-तब भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में आए हैं। कभी राम बनके, तो कभी कृष्ण के रूप में। भगवान श्री राम जी ने सृष्टि को रावण के जुल्मों और अत्याचारों से मुक्त करवाया था तो भगवान श्री कृष्ण जी ने कंस के अहंकारवश किए जा रहे गलत कामों से। जब धरती पर रावण के अत्याचार बढ़ने लगे, रावण साधु-संतों को परेशान करने लगा, तब भगवान विष्णु जी ने चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में भगवान राम जी के रूप में अवतार लिया था। राम नवमी का उत्सव हमें भगवान राम जी के आदर्श अपनाने की प्रेरणा देता है।

– संजय शर्मा, बिलासपुर

ट्रेंड

पीछे नहीं हटूंगा

सूडान के भविष्य के लिए सभी सूडानी लोगों के योगदान, भागीदारी और दूरदर्शिता की आवश्यकता है। मैं बंदूकों को शांत करने और शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य के लिए सूडानी लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के अपने आह्वान में पीछे नहीं हटूंगा।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

एक और मिशन पूरा

डब्ल्यूएचओ और साझेदारों ने उत्तरी गाजा के लिए एक और मिशन पूरा किया। अपनी वर्तमान क्षमता का आकलन करने के लिए फिलिस्तीनी मेडिकल रिलीफ सोसाइटी मेडिकल प्वाइंट, अल-शिफा अस्पताल और इंडोनेशियाई अस्पताल पहुंचे।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

शक्ति को व्यर्थ न जाने दें

18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को इस मौलिक अधिकार और जिम्मेदारी का प्रयोग करना चाहिए ताकि वह यह तय कर सके कि अगले पांच वर्षों तक राष्ट्र को कौन आगे ले जाएगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निहित इस शक्ति को व्यर्थ न जाने दें या नोटा को चुनें।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

आप्रवासन के पक्ष में

केवल 3 वर्षों में 36 राज्यों की जनसंख्या से अधिक! मैं खुद एक आप्रवासी होने के नाते कानूनी आप्रवासन के पक्ष में हूं, लेकिन अमेरिका में अवैध रूप से लाखों लोगों को प्रवेश की अनुमति देना पागलपन है।

-एलोन मस्क, उद्योगपति

करंट अफेयर

ईरान पर कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा इजराइल

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने बुधवार को कहा कि सप्ताहांत में ईरान द्वारा किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजराइल 'कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा है'। इस बीच, ईरान ने चेतावनी दी कि उसके क्षेत्र में किसी छोटे से हमले का भी कठोर जवाब दिया जाएगा। इजराइल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया है लेकिन इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि कार्रवाई कब और कैसे की जाएगी। गाजा में जारी युद्ध के चलते महीनों की अशांति के बाद नए घटनाक्रम से क्षेत्र में और अधिक अशांति की आशंका उत्पन्न हो गई है।

ऑफ बीट

हमें विलुप्त विशाल कंगारू की तीन नई प्रजातियां मिलीं

लाखों वर्षों से, विशाल जानवर या मेगाफ़ौना उन जगहों पर घूमते रहे हैं जो अब ऑस्ट्रेलिया और न्यू गिनी हैं। इनमें कई आधुनिक जानवरों के बहुत बड़े संस्करण थे। उदाहरण के लिए, मेगालानिया (वारानस प्रिस्कस) नामक चार मीटर का गोआना था, जो संभवतः अपने शिकार पर घात लगाकर हमला करता था। यह जानवर लगभग 40,000 साल पहले लाल कंगारू और खारे पानी के मगरमच्छ जैसे अवशेषों को छोड़कर लगभग सभी अन्य मेगाफौना के साथ गायब हो गया था। अब लुप्त हो चुकी कंगारू प्रजातियों में से कुछ काफी विशाल थीं।

संक्षेप

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सीडीओ ने किया शत-प्रतिशत मतदान की अपील

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। ब्लॉक कैसरगंज के प्रांगण में एक विशाल मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता कर रही सीडीओ राम्या आर ने लोगों को मतदान के प्रति शपथ दिलाई और लोगों से आह्वान किया कि हर नागरिक पहले यह वादा करें कि 20 मई को होने वाले मतदान में पहले मतदान करें फिर जलपान करें।क्योंकि अधिक से अधिक परसेंटेज बढ़ने से ही हमारे अच्छे लोकतंत्र की पहचान होती है और पढ़े-लिखे सोसाइटी से लगाव रखने की निशानदही साबित होती है इसलिए हम सभी भारतीय का यह कर्तव्य है कि हमारा यह सारे पर्वों का महापर्व 20 मई के दिन मतदान में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मतदान का प्रतिशत को बढ़ाएं और एक अच्छे लोकतंत्र की शुरूआत करें। इस मौके पर तहसीलदार कैसरगंज विशिष्ट वर्मा, बीडीओ कैसरगंज सत्य प्रकाश पांडे, नायब तहसीलदार पी पी गिरी, कैसरगंज ब्लॉक के सभी सेक्रेटरी सचिव, गांव के कोटेदार, प्रधान, आशा बहू आदि लोग भारी संख्या में ब्लॉक परिसर में मौजूद रहे।

अलग- अलग स्थानों पर लगी आग, लगभग 5 एकड़ खडी फसल जलकर हुई खाक

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच।सीमावर्ती क्षेत्र के दो अलग- अलग स्थानों पर लगी आग से किसानो की लगभग 5-6 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जल गई। घटना की जानकारी मिलते ही हजारों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। आगजनी का कारण पता नहीं चल सका है। माना जा रहा है कि राह चलते किसी शरारती तत्वों ने बीड़ी-सिगरेट पीकर फेंकने से आग लगी।शनिवार की शाम लगभग साढ़े 4 बजे दुगार्पुर, बसभरिया व बरगदहा गांव के खेतों में अचानक आग लग गई। खेतों में धुआं उठता देख आसपास खेतो में काम कर रहे किसानों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते खेतों में आग की लपटें उठने लगी। आग ने गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी की सूचना फायर ब्रिगेड को देने की लाख कोशिश की गई पर फोन नहीं लगा। ग्रामीणों ने घंटो मेहनत कर किसी तरह आग पर काबू पाया, तब तक सतगुरु प्रसाद यादव व करई प्रसाद सहित अन्य किसानों की लगभग 5-6 एकड़ से अधिक गेहूं की खडी फसल जलकर राख हो चुकी थी। घटना के सम्बन्ध में तहसीलदार नानपारा ने बताया है कि क्षेत्रीय लेखपाल से सत्यापन कराकर मंडी सचिव के माध्यम से जो भी शासन स्तर से सहायता होंगी जल्द से जल्द दिलाया जायेगा।

विश्व हिंदू परिषद ने निकाली श्री राम जन्मोत्सव धर्म जागरण शोभायात्रा

मिहींपुरवा में निकली राम जन्मोत्सव धर्म जागरण शोभायात्रा में लगे जय श्री राम के नारे

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। मिहींपुरवा नगर पंचायत में स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से श्री राम जन्मोत्सव धर्म जागरण शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर क्षेत्र में भ्रमण करके पुनः मंदिर पहुंची जहां पर यात्रा का समापन किया गया। यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारे लगाए गए। यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह के नेतृत्व में हुआ। श्री राम जन्मोत्सव धर्म जागरण शोभायात्रा में मुख्य वक्त स्वामी विष्णु देवाचार्य जी मार्गदर्शक मंडल अवध प्रांत ने समस्त हिंदुओं को एकता के सूत्र में बांधने का आह्वान करते हुए एकता का संदेश दिया। विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि हिंदुओं की ताकत है जिससे अयोध्या में श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है जिसका आज पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अवसर पर मिहींपुरवा नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया,विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मिहींपुरवा प्रखंड अध्यक्ष दिलीप मोदनवाल बल्ले भैया, बलहा प्रखंड अध्यक्ष मदन सोनी, प्रखंड कार्य अध्यक्ष बृजेश निषाद,

प्रखंड उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह उर्फ पप्पू, धर्म प्रसार प्रमुख सुरेश राठौर ,नगर अध्यक्ष बिक्कू सिंह, संयोजक राम सिंह, प्रचार प्रचार प्रमुख कृष्णा पांडे, बलहा संयोजक रामगोपाल गुप्ता, अंकित बजरंगी ,जिला संघ चालक बाबूलाल शर्मा, सुरेश कुमार वर्मा, सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेंद्र मौर्य पिंटू, स्वयं सेवक अमित वर्मा,पूर्णकालिक कार्यकर्ता जुगल, रामलीला समिति के अध्यक्ष जुगल पोरवाल, विहिप के प्रखंड मंत्री संतोष वर्मा राजेंद्र वर्मा , सह मंत्री शिरीष पांडे

सहित काफी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे।

स्टेटिंग मजिस्ट्रेट की निगरानी में सघन चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता निर्वाचन का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से विधानसभा कैसरगंज में स्टेटिंग मजिस्ट्रेट अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में सर्विलांस टीमके सदस्यों द्वारा तहसील मुख्यालय कैसरगंज पर प्रातः वीआईपी गाड़ियों का सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।स्टेटिंग मजिस्ट्रेट पर तैनात अभियंता ग्रामीण अमित कुमार गुप्ता ने बताया की 18 अप्रैल 2024 से लेकर 20 मई 2024 तक स्टेटिंग सर्विलांस टीम के सदस्यों द्वारा सघन चेकिंग अभियान किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग सैकड़ो वाहनों की तलाशी करने के बाद उन्हें छोड़ा जा रहा है। सर्विलांस टीम मे मौजूद उप निरीक्षक श्री प्रकाश पांडे ने बताया कि निर्वाचन की सुनिष्चता बनाए रखने के लिए सर्विलांस टीम पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आने जाने वाहनों पर अत्यधिक प्रचार सामग्री, खर्च, घूस, नगद या घूस की वस्तुएं के रूप में वितरण करने हेतू अवैध हथियारों, गोला, बारूद, मदिरा या सामाजिक वस्तुएंआदि की आवा जाही पर निगरानी रखने के लिए हमारी टीम पूर्ण रूप से सघन चेकिंग अभियान कर रही है जिससे चुनाव में कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस मौके पर कांस्टेबल चंद्रभान, विनीत सिंह तथा फोटोग्राफर प्रदीप कुमार के साथ पूरी टीम मुस्तैदी के साथ चेकिंग अभियान मे मुस्तैद रही।

हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा में क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। माध्यमिक शिक्षा परिषद 2024 के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओ के चेहरे पर खुशी की लहर दौड गयी।सरदार पटेल इंटर कालेज कैसरगंज के इण्टरमीडियट के छात्र प्रत्यूष कुमार शर्मा 94.8 प्रतिशत,अभिषेक वर्मा 90 प्रतिशत ,,नवनीत यादव 87.5 प्रतिशत , इंजमामुलहक 85.04 प्रतिशत, राजन 81.04 प्रतिशत,अदिति श्रीवास्तव 81.8 प्रतिशत अंक पाकर नाम रोशन किया है।पार्थ सोनी ने 91% अंक प्राप्त कर अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। मदनी इंटर कॉलेज की छात्रा सुरभि चौधरी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 444 अंक 88.8% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।तूबा फातिमा ने 436 अंक 87.2% प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साबरीन परवीन ने 428 अंक 85.6% प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।मदनी इंटर कॉलेज की छात्रा शिखा मौर्य ने हाईस्कूल परीक्षा में 544 अंक 90.66% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।सारिबा खातून ने हाईस्कूल परीक्षा में 515 अंक 85.83% प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।मोहम्मद जैद ने हाईस्कूल परीक्षा में 497 अंक 82.83% प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।छात्रा सुरभि चौधरी , तूबा फातिमा तथा साबरीन परवीन डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। छात्रा सुरभि चौधरी ने एलेन कैरियर इंस्टीट्यूट कोटा में नीट की तैयारी हेतु प्रवेश ले लिया है। छात्रा तूबा फातिमा ने एलेन कैरियर इंस्टीट्यूट लखनऊ में नीट की तैयारी हेतु प्रवेश लिया है। मोलवी अयाज इन्टर कालेज जमापुर की छात्रा नाहिद फातिमा ने 91% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।छात्र छात्राओं के माता पिता शिक्षको ने स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए परिश्रम, लगन और धैर्य बनाए रखते हुए भविष्य के लिए प्रेरित किया।

माइक्रोआर्ब्जवर्स के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षित किये गये मास्टर ट्रेनर्स

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिले के क्रिटिकल एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर माइक्रोआर्ब्जवर की तैनाती की जाएगी। मतदान केन्द्र तैनात होने वाले माइक्रोआर्ब्जवर को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विकास भवन सभागार में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सी.के. वर्मा व अन्य अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीडीओ रम्या आर ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का मुख्य स्तम्भ स्वतन्त्र, निष्पक्ष और तटस्थ निर्वाचन प्रकिया है। मास्टर ट्रनर्स का दायित्व है पूरी संजीदगी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर माइक्रोआब्जवर्स को भली प्रकार से प्रशिक्षित करें।

अज्ञात कारणों से गेहूँ में लगी आग में 6 एकड़ फसल जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच।फखरपुर थाना क्षेत्र के कुंडासपारा के मजरे पकौड़ी चोर पुरवा व अजीजपुर टेपरा में अज्ञात कारणों से लगी आग में 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया अग्निकांड में ग्राम पकौरी ठाकुर बक्स सिंह,फुलेराज सिंह, विवेक, रमजान आदि का लगभग 6 एकड फसल जलकर राख हो गई ।जब तक दमकल की गाड़ी पहुचे तब तक किसानों ने जुताई कर आग पर काबू पा लिया था। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ब्रिजेस कुमार कानूनगो राम मनोहर लेखपाल महावीर रॉय उमेश कुमार ने जली फसल का सर्वेक्षण कर मंडी समिति को रिपोर्ट की है।

ककरहा जंगल में लगी आग, वनकर्मियों ने बुझाया

आग लगने से वनस्पतियां जलकर हुई राख

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज ककरहा जंगल में शनिवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटे काफी दूर तक फैल गई जिससे जंगल में लगी वनस्पतियों जलकर राख हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक जंगल की वनस्पतियां जलकर राख हो गई थी। आग लगने से जहां वनस्पतियां और घास जलकर राख हो गई वही शाकाहारी वन्यजीवों को अब भोजन के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ेगा। वन दरोगा आलोक मणि तिवारी ने बताया कि जंगल में आग लगने की सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र प्रताप कनौजिया के नेतृत्व में पहुंची टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है आग पूरी तरह से बुझ गई है।

अमेठी में आग से फसल जली

- कई किसानों की 15 बीघा गेहूं की फसल जली, पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर पाया काबू

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में आग का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज सुबह करीब 11 बजे अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते 15 बीघे से अधिक की फसल चंद मिनट में जलकर राख हो गई। घटना की सूचना के बाद पहुंची स्थानीय पुलिस और बड़ी संख्या में ग्रामीण आग को बुझाने में जुटे हुए हैं। वहीं, फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हुई है। पूरा मामला कमरौली थाना क्षेत्र के बाबुइन का पुरवा रसूलपुर गांव का है, जहां आज सुबह करीब 11 बजे अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते चंद मिनटों में 15 बीघा फसल जलकर राख ही गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाने का प्रयास किया। थाना प्रभारी की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद आग को काबू करने का प्रयास कर रही है।बताया जा रहा है कि आग से सात किसानों की 15 बीघा फसल राख हुई है। आग से किसानों का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। कमरौली एसओ अभिनेष कुमार ने कहा कि अज्ञात कारणों से आग लगी है।

करीब 15 बीघा फसल जलकर राख हुई है। थाने की पूरी फोर्स, फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीण आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे है।

व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने किया बलहा व नानपारा क्षेत्र का भ्रमण

एसएसटी व एफएसटी की गतिविधियों से हुए रूबरू

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र नानपारा एवं बलहा का भ्रमण कर क्षेत्र में तैनात फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एस.एस.टी. बैरियर्स का निरीक्षण कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य की जा रही कार्यवाही की बाबत जानकारी प्राप्त की। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नानपारा के भ्रमण के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री गुरूगन ने नानपारा बाईपास पर मौजूद फ्लाईंग स्क्वायड टीम की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। एफएसटी प्रभारी अवर अभि. स.न.ख. नानपारा मो. जीशान ने बताया कि अब तक 15 वाहनों की जांच की गई है। वाहन जांच पंजिका का अवलोकन करते हुए व्यय प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि जांच किये गये वाहनों के बारे में यह भी अंकित किया जाय वाहन कहां से आ रहा है और उसे कहां जाना है। साथ ही यात्रा के उद्देश्य के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जाय। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा के निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री मुरूगन ने मोतीपुर वन बैरियर, बेलछा वन बैरियर एवं बिछिया वन बैरियर पर तैनात एफ.एस.टी. व एसएसटी टीमों की गतिविधियों का जायजा लेते हुए अभिलेखों का अवलोकन करते हुए कहा कि निर्वाचन की शुचिता को बनाये रखने के लिए एफएसटी व एसएसटी टीमों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सभी टीमें मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इससे पूर्व व्यय प्रेक्षक ने मोतीपुर गेस्ट हाउस में उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) संजय कुमार, नायब तहसीलदार मिहींपुरवा अर्सनाल, थानाध्यक्ष मोतीपुर दद्दन सिंह व मुर्तिहा अमितेन्द्र सिंह व अन्य के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि क्षेत्र में एफएस व एसएस टीमों की गतिविधियों का पर्यवेक्षण करते रहें तथा क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों के बारे में जानकारी दी जाय ताकि आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा सके।

झुनकी चरित पुस्तक का महंतों-चंपत राय ने किया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, सरयू तट पर विराजमान सियाराम किला झुनकी घाट के संस्थापक स्वामी जानकी शरण महाराज जीवन परिचय श्री झुनकी चरित पुस्तक का विमोचन अयोध्या के प्रमुख महंतों और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने प्रमुख रूप से किया।इस दौरान चंपत राय ने कहा कि अयोध्या त्याग और तपस्या की स्थली है।झुनकी बाबा का चरित हम सभी के लिए सदैव अनुकरणीय है। चंपत राय ने कहा कि हम महापुरुषों की किताब पढ़ते हैं तो उसका प्रभाव हृदय और मन पर पड़ता है इसलिए अच्छी किताबें बार-बार पढ़ी जाती है। पुस्तक का लोकार्पण करने वाले लोगों में आचार्य पीठ श्री लक्ष्मण किला के महंत मैथिली रमण शरण, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष मणिरामदास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास महाराज के शिष्य उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, रंग महल के महंत राम शरण दास, सांसद लल्लू सिंह ने सियाराम किला पीठाधीश्वर महंत करुणा निधान शरण महाराज के संयोजन में किया गया। अतिथियों का सत्कार एवं संचालन सियाराम किला के अधिकारी अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता प्रभंजनानंद महाराज ने किया। मुख्य अतिथि महंत कमल नयन दास महाराज ने कहा कि मुझे महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। झुनकी बाब परम संत थे। श्री महाराज जी की पुस्तक सभी को प्रेरणा राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभायेगी। महंत मैथिली रमण शरण महाराज ने कहा कि श्री जानकी शरण महाराज रसिक संप्रदाय के प्रतिमूर्ति थेञ सरल स्वभाव के साथ गौ सेवा करते रहते थे हमे बाल पन में महाराज जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। महंत राम शरण दास ने कहा कि महराज जी की पुस्तक आने वाली पीढियों को नई दिशा प्रदान करेगी। सांसद लल्लू सिंह कहा कि संतो के बीच में मैं क्या कहूं बस इतना कहता हूं कि संतों का आशीर्वाद हमारे ऊपर है और महाराज जी की पुस्तक निश्चित ही सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत होगी।वे अयोध्या के सिद्ध संतों के रूप में अमर हैं।उल्टी खाट पर बैठ कर राम राम कहते चलने वाले विलक्षण संत से रसिक भाव से भगवान श्रीराम की जो उपासना की।

महराजगंज में 2 करोड़ की हेरोइन बरामद

जांच के दौरान हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, रात में भारत से नेपाल में पहुंचाने की थी योजना

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज, महराजगंज जिले से सटे भारत नेपाल के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 2 करोड़ रुपए की हेरोइन पकड़ी गई है। एसओजी और एसएसबी की संयुक्त टीम ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बार्डर पर मुस्तैद जवानों को ये सफलता देर रात मिली। इस मामले में संयुक्त टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सीमा पर जांच की जा रही थी। इसी बीच दो युवक आते दिखे। तलाशी लेने पर नशे की बड़ी खेप पकड़ी गई। एएसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि बरामद 200 ग्राम हेरोइन की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में 2 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह कर्यवाई अंतराष्ट्रीय सीमा से सटे परसामलिक थाना क्षेत्र के सेवतरी के पास हुई है।दोनों तस्कर हेरोइन लेकर पल्सर बाइक से रात में खुली सीमा पार कर नेपाल जाने की फिराक में थे।लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने इन्हें धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान सत्यम द्धेशिया पुत्र संजय मद्धेशिया और आशीष पासवान पुत्र महेन्द्र पासवान निवासी जगन्नाथपुर, थाना सोनौली के रूप में हुई है।

डोसे की चटनी को लेकर रेस्टोरेंट में जमकर मारपीट

- हापुड़ में सामान तोड़ते हुए फायरिंग की, पुलिस ने पहुंचकर 3 को पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ कोतवाली क्षेत्र में फ्रीगंज रोड स्थित एक रेस्टोरेंट पर चार लोगों ने जमकर बवाल मचाया। आरोप है कि रेस्टोरेंट स्वामी और उनके कर्मचारियों के साथ जमकर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं रेस्टोरेंट का सामान तोड़ते हुए फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। नगर के मोहल्ला छज्जूपुरा निवासी कमल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका फ्रीगंज रोड पर कमल डोसा प्लाजा नामक रेस्टोरेन्ट है ।17 अप्रैल की रात करीब साढ़े दस बजे उसके रेस्टोरेन्ट पर कुछ लोग खाना खाने आए थे। डोसे की चटनी को लेकर दुकान पर काम करने वाले व्यक्ति के साथ गाली गलौज करने लगे। उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके व उसके स्टाफ के साथ हाथापाई कर दुकान पर तोड़फोड़ की। पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया कि दुकान के अन्दर और बाहर रखी स्टील की मेज और स्टैण्ड को उठाकर उसके एवं उसके स्टाफ के ऊपर मारने लगे तभी एक आरोपी ने पिस्टल निकालकर तीनों के कहने पर उसके व उसके स्टाफ के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

संक्षेप

जौनपुर के बर्न वार्ड में सिर्फ 12 बेड

50 लाख की आबादी के लिए नाकाफी, अस्पताल के सीएमएस बोले– हमारे पास पर्याप्त सुविधाएं मौजूद

जौनपुर, गर्मी बढ़ते ही आग लगने की घटनाएं बढ़ गई हैं ऐसे में जिला अस्पताल में व्यवस्थाएं दुरुस्त होना जरूरी है। लेकिन जौनपुर जिला अस्पताल में ना तो पर्याप्त बेड है और ना ही डॉक्टर की व्यवस्था है। जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में 12 बेड के भरोसे जनपद की 50 लाख की आबादी आश्रित है कोई बड़ी घटना होती है तो संसाधनों का अभाव के कारण मरीजों को वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जाता है। जिला अस्पताल में झुलसे मरीजों का इलाज प्लास्टिक सर्जन के जगह सर्जन या फिजिशियन करते हैं। आग लगने से झूलसे से लोगों को पहले इमरजेंसी में रखकर प्राथमिक उपचार किया जाता है। इसके बाद उन्हें बर्न वार्ड में भर्ती किया जाता है लेकिन गंभीर रूप से झूलसे से लोगों को तो प्राथमिक उपचार के लिए चिकित्सक घबराते हैं ज्यादातर मरीजों को वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जाता है। 50 लाख की आबादी और बेड सिर्फ 12 जौनपुर की 50 लाख की आबादी है लेकिन यहां बर्न वार्ड सिर्फ 12 बेड का होने से स्थिति अक्सर विकट हो जाती है। इस मामले में जबी जिला चिकित्सालय के सीएमएस से केके राय से बता की गई तो उन्होंने कहा कि 'जिला अस्पताल में बर्न वर्ड में मरीजों की इलाज के लिए 12 बेड की सुविधा है जरूरत पड़ने पर दो बेड और बढ़ा दिए जाते हैं, बर्न वार्ड में इलाज के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है दवाई भी उपलब्ध है।

बलरामपुर में निकाली गई साई नाथ पालकी यात्रा

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर, बलरामपुर नगर में श्री साई नाथ पालकी यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में नगर के महिला-पुरुष शामिल हुए। पालकी यात्रा में विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की गई पालकी यात्रा का आयोजन शिव ओम श्री साई नाथ मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया। जो नगर भ्रमण करते हुए साई मंदिर तक निकाली गई। आयोजित पालकी यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल रहे डीजे की धुन पर भक्ति में ली नजर आए। पालकी यात्रा में लोगों ने बाबा के जयकारों के साथ भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। श्री साई नाथ पालकी यात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां प्रस्तुत की गई। झांकी में भारत माता, श्री गणेश जी, श्री साई बाबा, मां दुर्गा की भव्य झांकी निकाली गई। निकल गई झांकियां को नगर में भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मनीष शुक्ला डी पी सिंह, विनोद गिरि, रेशमा सिंह, किरण सिंह, रीता शुक्ला, रंजन तिवारी, ललित तिवारी ,झूमा सिंह ,रविंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर बच्चों ने बढ़ाया कॉलेज का मान

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। स्व. ज्ञान दास राय इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के बोर्ड परीक्षा 2024 में हाई स्कूल की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर कालेज का बढ़ाया मान। मेंधावी बच्चों में आयुषी गुप्ता 90.16 प्रतिशत अनुष्का यादव 90 प्रतिशत खुशी चौहान 89 प्रतिशत अंकिता 88 प्रतिशत प्रिया गौतम 87 प्रतिशत कशिश 86.5 प्रतिशत तन्नू राव 85 प्रतिशत अमरजीत मौर्य 84 प्रतिशत रितिका दुबे 84 प्रतिशत दिशा यादव 83 प्रतिशत दिव्या सिंह राव 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज सहित माता पिता तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है ।परीक्षा परिणाम आने के बाद इस उपलब्धि पर कालेज के सभी सफल बच्चों व उनके अभिभावको ने अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर बच्चों ने इस उपलब्धि पर माता-पिता के आशीर्वाद तथा प्रबंधतंत्र की सराहनीय प्रयास व गुरूजनों के परीश्रम तथा कठिन मेहनत का परिणाम बताया ।रिजल्ट के बाद छात्रों के साथ स्कूल प्रशासन भी बहुत खुश है ।स्कूल के प्रबन्धक अनिल राय ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।इनकी सफलता पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक सौरव राय प्रधानाचार्य आशुतोष तिवारी रमाकांत राय सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने खुशी का इजहार करते हुए बधाई दी।

निकाली बाइक रैली, किया मतदाताओं को जागरूक

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गोला कस्बा स्थित वीएसएवी इंटर कालेज से शनिवार को मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। जिसमें ब्लाक के माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक व छात्र शामिल हुए। इन लोगों ने मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। रैली को जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अमरकांत सिंह, सह जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्रकांत सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी उदयशंकर राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय परिसर से निकलकर चंद चौराहा, तहसील चौराहा, बेवरी चौराहा होते हुए बड़हलगंज के लिए रवाना हुई। जो बड़हलगंज ब्लाक मुख्यालय पर पहुंच कर समाप्त हुई। रैली में शामिल बाइक सवार शिक्षक हाथों में बैनर-पोस्टर व नारे लिखे तख्तियां लेकर चल रहे थे और नारे लगा रहे थे। वे लोग लोगों को अधिकाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे थे। रैली में विद्यासय के प्रबंधक डा. विजयानंद तिवारी, प्रधानाचार्य बेचन प्रसाद दुबे, आशुतोष राय, प्रमोद सिंह, लाल प्रताप चंद, प्रियंका यादव, काशीनाथ तिवारी, प्रेमप्रकाश सिंह, ईश्वरीशरण पांडेय, प्रमोद कुमार दुबे, देवेश शुक्ल, ओंकेश चंद राय, शिवनंदन मिश्र, नीलेश पांडेय, धनंजय शुक्ल, अवनीश राय, संजीव कुमार, जनार्दन यादव, रामभवन राजभर, संतोष यादव, विद्याकांत सिंह, दिलीप यादव, प्रमोद कुमार सिंह आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

स्कूल टॉप कर बेटी ने क्षेत्र का बढ़ाया मान

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र के स्व रामरती देवी कन्या इंटर कॉलेज देईपार ,पिपरौली बाजार की छात्रा अलकमा सिद्दीकी पुत्री मोहम्मद शाह आलम माता अंजुम बानो ने हाईस्कूल की परीक्षा में 563/600 (93.83%) अंक पाकर पूरे स्कूल को टॉप करके क्षेत्र का मान बढ़ाया। छात्रा अलकमा सिद्दीकी बचपन से ही काफी प्रतिभाशाली है ।इसका सपना आई ए एस बनना है ।इसकी सफलता पर प्रधानाचार्य सत्यवती मिश्रा, प्रबंधक परमेश्वर पांडेय सहित तमाम क्षेत्रवासियों ने भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

तार की चपेट में आने से युवक की मौत

मिर्जापुर, मिर्जापुर के राजगढ़ थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव में शनिवार की सुबह करीब 9:30 बजे सोनभद्र जनपद के करमा थाना क्षेत्र स्थित बैडाड़ गांव निवासी मजदूर गंगाराम की विद्युत करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। साथ ही इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक गढ़वा गांव में रात मक्खू पाल के यहां बारात आनी थी।

बीआईटी प्रदान करेगा विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स की निःशुल्क शिक्षा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के बुद्धा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी अपने संस्थान में तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्किल इंडिया एवं राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के पाठ्यक्रमों की निःशुल्क शिक्षा प्रदान करेगा। इस आशय की जानकारी प्रदान करते हुए संस्थान के चैयरमैन डॉ0 आर0ए0 अग्रवाल एवं सचिव डॉ0 रजत अग्रवाल ने बताया कि बी0आई0टी0 संस्थान पूरे पूर्वांचल का एकमात्र एवं उत्तर प्रदेश के शासन द्वारा इस श्रेणी में चयनित पांच संस्थानों में से एक संस्थान है। जहां बी0टेक, एम0टेक, बी0 फार्मा, डी0फार्मा, एम0बी0ए0, बी0बी0ए0, बी0सी0ए0, बी0कॉम, बी0एस0सी, पॉलिटेक्निक, पैरामेडिकल, होटल मैनेजमेंट, लॉ0, आई0टी0आई0, सहित अन्य संचालित तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के साथ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के पाठ्यक्रम ए0आई0 डाटा इंजीनियर, ए0आई0 मशीन लर्निंग इंजीनियर, सोलर इंजीनियरिंग टेक्नीशियन, असिस्टेंट सर्वेयर, इलेक्ट्रिक व्हीकल असेंबली टेक्नीशियन, इलेक्ट्रीशियन, फीटर फेब्रिकेशन, स्किल इंडिया के पाठ्यक्रम योगा इंस्ट्रक्टर, लैब टेक्नीशियन एवं राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के कंप्यूटर सम्बन्धी पाठ्यक्रम ए0सी0सी0, बी0सी0सी, सी0सी0सी0, सी0सी0सी0प्लस0, इ0सी0सी0 कोर्स की शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाएगी ताकि छात्र प्रौद्योगिकी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स की शिक्षा ग्रहण करने से कम समय में ही अधिक ज्ञान छात्र अर्जित कर लेंगे। जिससे छात्रों का प्लेसमेंट शीघ्र हो सकेगा एवं स्व-व्यवसाय भी स्थापित कर सकेंगे। इस अवसर पर बीआईटी संस्थान के निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, सी0टी0ओ0 प्रो0 एन0 गुरूप्रसाद, निदेशक बी0आई0टी0 डा0 अरविन्द कुमार पाण्डेय, फामेर्सी संस्थान के निदेशक डॉ आशीष सिंह, डॉक्टर अभिषेक त्रिपाठी, अभिनव श्रीवास्तव, संतोष त्रिपाठी, उज्जवल श्रीवास्तव, प्रो0 एच0एन0 सिंह, प्रो0 बिनय श्रीवास्तव, प्रो0 डी0के0 द्विवेदी सहित सभी संस्थाओं के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ।पीपीगंज प्रज्ञा स्कूल के पास रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान लक्ष्मण पुत्र गंगा 25 वर्षीय, नगर पंचायत पीपीगंज वार्ड नंबर 4 के निवासी के रूप में हुई है ।सूत्रों के अनुसार लक्ष्मण पुत्र गंगा रेलवे लाइन पार कर रहा था जब वह ट्रेन संख्या 15069 गोरखपुर से ऐशबाग जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर रेलवे व स्थानीय पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया रात में गांव से ही बारात गया था और वही उसके साथ मारपीट की गई थी बारात से वापस आने के बाद सुबह घर से निकल गया। मृतक की पत्नी 7 महीने की गर्भवती है ।पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला सामने आ रहा है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा है।

सोनभद्र में तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट की तहत कार्रवाई

- 210 ग्राम हेरोईन के साथ यूपी–एमपी सीमा से 2 तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र , सोनभद्र के अनपरा में पुलिस ने हेरोईन की खरीद फरोख्त और तस्करी के आरोप में 2 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत एसपी डॉ. यशवीर सिंह द्वारा जनपद में संगठित रूप से गैंग बनाकर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के खिलाफ चलाया जा रहा है। अभियान में एएसपी के निर्देशन और सीओ पिपरी के पर्यवेक्षण में गत 30 जनवरी 2024 को 210 ग्राम हेरोईन के साथ यूपी और एमपी वार्डर पर गिरफ्तार तस्करों में अभिषेक कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी डाला चढ़ाई चन्द्रनगर थाना चोपन जनपद सोनभद्र और विकास कुमार पुत्र जमुना गुप्ता निवासी छपरहवां थाना चोपन जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया था। जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र द्वारा गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई किया गया।

विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज ने एक बार फिर से प्रदेश में लहराया परचम

- प्रदेश में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्राओं का रहा दबदबा
- प्रदेश की सूची में 8 वे स्थान पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की छात्रा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े बोर्ड यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित हुआ जिसमे फतेहपुर जनपद के छात्र एवम छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से जिला ही नहीं अपितु प्रदेश में स्थान पाकर परचम लहराया शिक्षा क्षेत्र के उत्कृष्ट विद्यालय विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र एवम छात्राओं ने प्रदेश की सूची में आठवां स्थान दर्ज कराकर पूरे उत्तर प्रदेश वा जनपद में अपनी शिक्षा का लोहा मनवाया कक्षा दसवीं की छात्रा ने हाईस्कूल परीक्षा में 97.16व इंटर मीडिएट की छात्रा आकांक्षा कुशवाहा ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश में 8 वे पायदान में अपना स्थान बना कर अपने माता ,पिता वा गुरुजनों व विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज जहानाबाद का नाम रोशन किया सभी मेरिट में स्थान पाने वालो बच्चो ने गुरुजनों वा माता पिता वा सहपाठियों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की बच्चो ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता वा गुरुजनों वा विद्यालय के संचालक विवेक उत्तम को दिया कहा कि इनके कुशल निर्देशन में हम लोगो को यह सफलता मिली वही जब मीडिया टीम ने प्रदेश में 8 वा स्थान पाने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की छात्रा साक्षी साहू वा आकांक्षा कुशवाहा से उनके भविष्य को लेकर बात किया तो उन्होंने बताया कि वह भविष्य में सिविल सेवा में जाकर अपना भविष्य बनाना चाहती है दोनो ही छात्राएं बेहद गरीब परिवार की है जिसमे साक्षी साहू के पिता छोटी सी परचून की दुकान चलाते है और आकांक्षा कुशवाहा के पिता किसान है लेकिन उनके बच्चो ने इस सफलता को उनके गरीबी के आड़े नहीं आना दिया वही हाईस्कूल से साक्षी साहू पिता देवेंद्र साहू ग्राम मिजार्पुर अमौली ,97.16 , त्रिशा शुक्ला पिता श्री प्रकाश शुक्ल जहानाबाद 96.5,विकास यादव पिता सिद्ध गोपाल कमरौली जहानाबाद 96.5 , अल्कैफ पिता मो जावेद कलाना जहानाबाद 95.8,वैष्णवी ओमर पिता रवि ओमर जहानाबाद 95.5 विकल सैनी पिता मूलचंद सैनी जहानाबाद 95.3,वही इंटरमिडिएट में आकांक्षा कुशवाहा पिता फूल सिंह निवासी कानपुर नगर 96.4 ,आयुष पटेल पिता चंद्रभानु सिंह निवासी आलमपुर 95 ,देवांश दीक्षित पिता सुनील कुमार, नामामऊ फतेहपुर 95.2, अयान पिता अनुराग कुरैशी जहानाबाद 94.4 , मो हमजा पिता नफीस जहानाबाद 94.4 ,आशीष पिता छेदी लाल निवासी मोहद्दीपुर मुसाफा 93.8 अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन कियोइस मौके पर विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज के सभी अध्यापकों में खुशी का माहौल रहा

मजदूर का पेड़ से लटकता मिला शव

- एक दिन पहले गेहूं की कटाई करने घर से निकला था मृतक, बेटी भी कर चुकी है सुसाइड

अमन लेखनी समाचार

शाहगंज, शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के कोरवालिया गांव निवासी अधेड़ मजदूर का शव उसके खेत में पेड़ से लटकता मिला ।मृतक बुधवार को घर से गेहूं काटने निकला था और वापस नहीं लौटा था । सुबह टहलने निकले स्थानीय लोगों ने पेड़ से लटकती लाश देखी तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी । परिजनों के मुताबिक मृतक मानसिक अवसाद से जूझ रहा था और इसी वजह से उसने आत्महत्या कर ली । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की छोटी बेटी भी सुसाइड कर चुकी है। जानकारी के मुताबिक कोरवलिया गांव निवासी हरदेव यादव (55 वर्ष) मजदूरी और राजमिस्त्री का काम करते थे । घर से लगभग 500 मीटर दूर सेंट थॉमस स्कूल के पीछे रेलवे लाइन के पास उनका खेत था ।वो गेहूं काटने के लिए गए थे लेकिन रात में घर नहीं लौटे ।उनकी पत्नी ने कुछ लोगों से पता किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली । गुरुवार सुबह उनके खेत के पास एक पेड़ से उनकी लाश लटकती मिली ।स्थानीय लोगों ने शव देखा तो परिजनों और पुलिस वालों को जानकारी दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया ।मृतक के परिवार में पत्नी और एक बेटी है । बेटी अभी पढ़ाई कर रही है । मृतक कुछ समय से दिमागी रूप से परेशान था । तीन बेटियों में से बड़ी बेटी का विवाह कर चुके थे । ढाई साल पहले दूसरी बेटी ने आत्महत्या की थी ।तभी से वो काफी परेशान रहने लगे थे। प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है । उसके बाद विधिक कार्रवाई की जायेगी ।

मिर्जापुर में घायल गाय का इलाज कर भेजा गया गौशाला

तौकीर खान ने विश्व हिंदू महासंघ के गोरक्षा प्रकोष्ठ को किया था सुचित, 2 दिन से सड़क किनारे पड़ी थी बेहाल

अमन लेखनी समाचार

मिर्जापुर, मिर्जापुर में नरायनपुर के पुलिस चौकी के विशेशरपुर मुख्य मार्ग के किनारे पिछले दो दिनों से सड़क दुर्घटना में एक गाय घायल अवस्था में पड़ी हुई थी। जिसकी सूचना भाजपा नेता तौकीर खान ने विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार सिंह को दी। सूचना प्राप्त होने पर जिला अध्यक्ष मौके पर पहुंचकर सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग को सूचना देते हुए गाय का प्राथमिक उपचार कराया। साथ ही इस संबंधित सूचना विकासखंड अधिकारी को दिया गया। जिस पर सरकारी पशु वाहन मौके पर उपस्थित हुई। घायल गाय को स्थानीय लोगों के और विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा प्रकोष्ठ के मंडल प्रभारी पंडित प्रमोद गोस्वामी, महामंत्री दीपक त्रिपाठी के सहयोग से गौशाला भेजे जाने का कार्य किया गया। उक्त कार्य को लेकर जिला अध्यक्ष डॉ विनोद सिंह को विश्व हिंदू महासंघ गौ-रक्षा प्रकोष्ठ के तमाम पदाधिकारियों ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्य की सराहना की।

शाहजहांपुर में रोडवेज बस अड्डे पर मिला युवक का शव

- फरुर्खाबाद में सीमेंट की ईट बनाने की फैक्ट्री से लौट रहा था घर

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में रोडवेज बस अड्डे के किनारे एक युवक का खून से सना शव मिला है। युवक फरुर्खाबाद में सीमेंट की ईट बनाने की फैक्ट्री में काम करता था। वापस लौटते समय वह घर नहीं पहुंचा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के कपड़ों की तलाशी ली। उसके कपड़ों से मिले आधार कार्ड से शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी गई। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने एक्सीडेंट में युवक की मौत होने की आशंका जताई है। थाना सदर बाजार क्षेत्र में स्थित रोडवेज बस अड्डे के किनारे खून से सना एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक के कपड़ों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कपड़ों से मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान थाना निगोही के दिलावलपुर निवासी 27 साल के मनोज कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को फोन कर जानकारी दी। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ल्लपोस्टमार्टम हाउस पर आए परिजनों ने बताया कि मनोज कुमार 16 फरवरी को फरुर्खाबाद में सीमेंट की ईट बनाने की फैक्ट्री में मजदूरी करने गए थे। 18 अप्रैल को वो वापस लौट रहे थे। उसके बाद से उनका कुछ पता नहीं चल सका। इधर परिवार के लोग मनोज की तलाश कर रहे थे। तभी पुलिस का फोन आया कि मनोज का शव रोडवेज बस अड्डे पर पड़ा है। परिजनों ने कहा कि शव देखने से लग रहा है कि किसी वाहन ने मनोज को टक्कर मारी है। जिसे उनकी मौत हो गई। क्योंकि मनोज के शरीर पर चोट के निशान थे और खून भी निकल रहा था।

संक्षेप

ग्रासिम में अयोजित हुआ रक्तदान शिविर

रेणुकूट। स्थानीय नगर में ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड परिसर में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 48 लोगों ने रक्तदान किया। यह शिविर ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड और प्रयास फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था तथा रोटरी क्लब रेणुकूट के सहयोग से सम्पन्न हुआ रक्तदान शिविर का उद्घाटन ग्रासिम के यूनिट हेड मनीष गर्ग ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए ताकि इस दान से दूसरे का जीवन बचाया जा सके, रक्तदान करके आप किसी को पुनर्जीवन प्रदान करते हैं, आप सिर्फ एक जिंदगी नहीं बल्कि उनसे जुड़ी कई अन्य जिंदगियों की भी मदद करते हैं और इससे शरीर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता और ना ही किसी प्रकार की हानि होती है। ग्रासिम के व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल त्रिपाठी ने कहा कि रक्तदान करने से हार्ट अटैक और कैंसर होने की आशंका कम हो जाती है, शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा घटती है जो अपना वजन कम करना चाहते हैं उनके लिए भी रक्तदान करना काफी फायदेमंद होता है एक बार रक्तदान करने पर लगभग 650 कैलोरी खर्च हो जाती है रक्तदान करने से हृदय रोगों की आशंका भी काफी कम हो जाती है। प्रयास फाउंडेशन के सचिव दिलीप दुबे ने कहा कि हमारा समूह जरूरतमंद मरीज को आपातकालीन स्थिति में समय से निशुल्क रक्तदाता उपलब्ध कराता है जिससे समय पर किसी के जीवन को बचाया जा सके। यह कार्य निशुल्क, निस्वार्थ और सेवाभाव से किया जाता है। रक्तदान करने से शरीर में जरूरत से ज्यादा आयरन की मात्रा कम हो जाती है और ज्यादा आयरन मात्रा भी रक्तवाहिनियों के लिए नुकसानदेह होता है। मानव शरीर में रक्तदान के रुप में किए गए रक्त की मात्रा की पूर्ति 24 घंटे में और कोशिकीय भाग की पूर्ति 1 से 2 माह के अंदर पूरा कर लेता है। इससे शरीर की कार्य क्षमता और रोग प्रतिकार शक्ति भी बढ़ती है। इस दौरान जिला ब्लड बैंक से डॉ आकाश गुप्ता के नेतृत्व में आई टीम ने 48 लोगों का रक्तदान कराया।

सुम्बुल ने हाईस्कूल में 93.8 एवं तीन विषयों में 99 अंक प्राप्त कर जरवल कस्बे का नाम किया रोशन

बहराइच, जिला बहराइच की तहसील कैसरगंज के मशहूर जरवल कस्बा स्थित फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज की होनहार छात्रा कुमारी सुम्बुल माज पुत्री शकील अहमद सिद्दीकी ने वर्ष 2024 के घोषित यूपी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में 93.8% अंक प्राप्त कर जरवल कस्बे, अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है इस छात्रा ने अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषयों में 99% नंबर प्राप्त किए हैं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तरन्नुम अकरम एवं प्रबंधक सैयद इब्ने हसन काजमी ने इस छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है

हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट में सीतापुर के परीक्षार्थियों का रहा दबदबा

- यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित
- हाईस्कूल में 89.55 प्रतिशत, इण्टर में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण
- हाईस्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत के साथ किया टॉप
- इण्टर में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ हासिल किया पहला स्थान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ/प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को दसवीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए। इसके अनुसार, हाईस्कूल में 89.55 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तो वहीं इंटमीडिएट में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस बार हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में सीतापुर के परीक्षार्थियों ने प्रदेश में टॉप किया है। हाई स्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में टॉप किया है, जबकि फतेहपुर की दीपिका सोनकर (98.33 प्रतिशत) दूसरे और सीतापुर की ही नव्या सिंह (98 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं इण्टरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि बागपत के विशु चौधरी (97.60 प्रतिशत) दूसरे और अमरोहा की काजल सिंह (97.60 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 12,38,422 बालक तथा 12,23,604 बालिकाएं शामिल हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.35 अधिक है। वहीं इण्टरमीडिए में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 10,43,289 बालक तथा 9,82,778 बालिकाएं हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 10.64 अधिक है।

लगातार दूसरी बार सबसे कम समय में घोषित किया गया रिजल्ट

शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डा० महेन्द्र देव और माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकान्त शुक्ल ने परीक्षाफल घोषित करते हुए बताया कि वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षा के साथ माध्यमिक शिक्षा परिषद ने नए कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। इस वर्ष यूपी बोर्ड ने पहली बार रिकॉर्ड 12 कार्य दिवसों में परीक्षा संपन्न कराई है और साथ ही रिकार्ड 12 कार्य दिवसों में ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सकुशल पूरा कराकर बोर्ड परीक्षा का परिणाम 100 वर्षों के इतिहास में वर्ष 2023 के बाद दूसरी बार सबसे पहले जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी, 2024 से 09 मार्च, 2024 के मध्य कुल 8,265 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई थीं। वहीं, हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की लिखित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च, 2024 से 30 मार्च, 2024 के मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों में निर्धारित कुल 259 मूल्यांकन केंद्रों पर मात्र 12 कार्य दिवसों में संपन्न हुआ।

हाईस्कूल में बढ़ा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत

हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 29,36,353 संस्थागत एवं 11,982 व्यक्तिगत समेत कुल 29,47,335 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें 27,38,999 संस्थागत तथा 10,365 व्यक्तिगत यानी कुल 27,49,384 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। सम्मिलित परीक्षार्थियों में से 14,39,243 बालक तथा 13,10,121 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें 24,55,041 संस्थागत तथा 6.985 व्यक्तिगत समेत कुल 24,62,026 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.63 तथा व्यक्तिगत का उत्तीर्ण प्रतिशत 67.39 है। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 22.24 अधिक है। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 94802 परीक्षकों द्वारा संपन्न किया गया। वर्ष 2023 की तुलना में इस बार बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.59 की कमी तथा बालिकाओं के उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.06 की वृद्धि हुई है। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.23 प्रतिशत की कमी हुई है।

इण्टरमीडिएट में फर्स्ट क्लास स्टूडेंट्स की संख्या में हुई बढ़ोत्तरी

24,25,426 संस्थागत और 15,25,581 व्यक्तिगत समेत कुल 25,78,007 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। 23,16,910 संस्थागत तथा 1,35,920 व्यक्तिगत समेत कुल 24,52,830 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। सम्मिलित परीक्षार्थियों में 13,41,356 बालक तथा 11,11.474 बालिकाएं रहीं। वहीं 19,08,647 संस्थागत तथा 1,17,420 व्यक्तिगत समेत कुल 20,26,067 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.38 तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.39 रहा। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 4.01 कम है। इण्टरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 52,295 परीक्षकों द्वारा संपन्न किया गया। वर्ष 2023 की तुलना में इण्टरमीडिएट के कुल परीक्षार्थियों की संख्या में 1,90,173 की कमी हुई है। ससम्मान प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों के प्रतिशत में 2.54 की वृद्धि तथा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों के प्रतिशत में 2.83 की वृद्धि हुई है। बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत में 8.44 की वृद्धि तथा बालिकाओं के उत्तीर्ण प्रतिशत में 5.42 की वृद्धि हुई है। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत में 7.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

10 वर्षीय नाबालिग के साथ युवक ने की छेड़छाड़, मामला दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर। कस्बे के एक मोहल्ले में 10 वर्षीय लड़की के साथ एक युवक ने दरिंदगी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। वहीं घटना की लिखित शिकायत पीड़ित पिता ने पुलिस से कर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की है। वहीं आरोपी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के फत्तेपुर निवासी एक पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 10 वर्षीय पुत्री दरवाजे में खेल रही थी जिसे पड़ोस का ही रहने वाला प्रमोद पुत्र वरदानी बहला फुसलाकर अपने साथ कमरे में ले गया और दरिंदगी की घटना को अंजाम देने लगा हालांकि इस दरमियान जब लड़की ने शोर शराबा किया तो वह मौके से भाग निकला। वहीं पुलिस ने घटना पर संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ धारा 354 ख, 10 लैंगिक अपराध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई थी जिसमें मुकदमा दर्ज किया गया है तथा जांच पड़ताल की जा रही है जांचोपरांत आरोपी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

पिता ने लगाया हत्या का आरोप, मुख्यमंत्री से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे का लखनापुरवा निवासी भारत यादव गत 10 अप्रैल को फैक्ट्री एरिया के समीप मृत पाया गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया था। मृतक के पिता गोपी यादव ने आरोप लगाया है कि उसको कस्बा निवासी हरिराम एवं उसके साथी मजदूरी के लिए घर से लेकर गए थे। इन्हीं लोगों ने हत्या करके शव को फेंका था। पुलिस ने पूंछताछ के लिए हरिराम को हिरासत में लिया था बाद में उसे छोड़ दिया। मृतक के पिता ने सीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा

- निर्वाचन के दिवस पर ड्यूटी पर तैनात मतदान कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट की सुविधा ससमय करायी जाये उपलब्ध- जिला निर्वाचन अधिकारी
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय का किये निरीक्षण

विंध्य ज्योति

सोनभद्र। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु की जा रही तैयारियों का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने विकास भवन स्थित डी0आर0डी0ए0 कार्यालय का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट उपायुक्त श्रम रोजगार रमेश यादव से कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की और प्रभारी अधिकारी पोस्टल-बैलेट को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों को समय से पोस्टल- बैलेट उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही समय से पूर्ण कर ली जाये, जिससे कि कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट से मतदान करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो और वह समय से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

इसके पश्चात जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त की, इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रपत्र, मतदान सामग्री, पोस्टल-बैलेट, ई0डी0सी0 के प्रपत्रों के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की, इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कम्प्यूटरों के स्थिति का जायजा लिये और निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्यालय में जो भी सामग्री की आवश्यकता हो, उसे तत्काल क्रय करते हुए कार्यालय को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

एक सप्ताह बाद भी अपहृत मां बेटे का नहीं लगा सुराग

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग के मजरा सुखुवा डेरा से एक सप्ताह पूर्व अपहृत हुई मां बेटे का सुराग नहीं लगा सकी है। पति सूरत में रहकर मजदूरी करता था जबकि पत्नी बच्चों के साथ गांव में रहती थी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से पत्नी एवं पुत्र को बरामद करने की गुहार लगाई है। सुखुवा डेरा निवासी भूरेलाल निषाद ने गत 14 अप्रैल को थाना पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया था कि उसकी पत्नी रानी देवी पुत्र अनुज 8 वर्ष के साथ लापता हो गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। इसके बाद पति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौपकर गांव निवासी चंद्रमोहन यादव, छोटू यादव, शिव सिंह यादव, शिवशरण यादव पर पत्नी पुत्र का अपहरण का आरोप लगाया था। पुलिस ने 16 अप्रैल को चंद्रमोहन के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस अभी तक अपहरण मां बेटे का सुराग नहीं लगा सकी है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है। जल्द ही मां बेटे के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

दबंग ने युवक पर लाठी डंडों से किया हमला, मामला दर्ज

मौदहा हमीरपुर। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अपने ऊपर लाठी डंडे से हमला करने का आरोप लगा एक युवक को नामित कर पुलिस को तहरीर सौंपी है, जिसके बाद पुलिस ने नामित आरोपी पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के बिहरका गांव निवासी बदलू पुत्र रामनाथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिनांक 18 अप्रैल को जब वह अपने घर में मौजूद था तभी गांव निवासी दयालू कोरी पुत्र बिंदा ने बिना कारण उसके ऊपर ताबड़तोड़ लाठी डंडे से हमला कर दिया इसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया किसी तरह वह वहां से कस्बा पहुंचा और पुलिस के समक्ष अपना दुखड़ा रोया तथा लिखित तहरीर सौंप कर उपरोक्त आरोपी पर कार्यवाही की मांग करने लगा। वहीं पीड़ित को घायल देखकर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दयालु कोरी के खिलाफ धारा 308, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

दिव्यांगो ने अपने बूथ पर प्रथम मतदान करने का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

हमीरपुर। स्वीप कार्यक्रम में आयोजित दिव्यांग मतदाताओं की संकल्प गोष्ठी में उप जिलाधिकारी निर्वाचन खालिद अंजुम ने कहा कि आप सभी बुन्देलखण्ड की गर्मी को मात देते हुए अपने अपने बूथ पर प्रथम वोट डालें तथा अमिट स्याही के साथ सेल्फी और समाज को मतदान का महत्व बताएं। जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि आपका एक वोट देश का भाग्य बदल सकता है।

कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई दिव्यांग मतदाताओं की जागरूकता गोष्ठी मे जनपद के सुदूर क्षेत्रों से आए हुए दिव्यांग मतदाताओं ने संकल्प लिया कि वह सभी अपने अपने बूथ पर सबसे पहले मतदान कर अन्य वोटरों को संदेश देते हुए जागरूक करेगें कि सबसे पहले मतदान बाद में दूजा काम। यदि आपने अपना वोट नहीं किया तो अगले पांच साल यह कहने का अधिकार नहीं होगा कि लोकतंत्र मजबूत क्यों नहीं है। बैठक में स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, छाया, पानी, ट्राई साइकिल एवं स्काउट गाइड के बच्चे मतदाता मित्र के रूप में उपस्थित रहते हुए आपको सहयोग प्रदान करेंगे। अतः इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपना मत अवश्य डालें और एक सशक्त लोकतंत्र में सहयोगी बने। इस अवसर पर दिव्यांग आईकान देवनारायण सोनी, रघुनाथ विश्वकर्मा, दुर्गेश, जगराम, आशिक अली, पवन, इशरत, छत्रपाल एवं अंजनी ने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी का संचालन स्वीप कोऑर्डिनेटर एवं जिला स्काउट मास्टर बेसिक अकबर अली ने किया।

मैनेजर लैब में शिकायतों का प्रभावित ढंग से किया जा रहा निस्तारण-जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

हमीरपुर।जिला निर्वाचन अधिकारी ध्जिला अधिकारी राहुल पांडे के निर्देशन में जिला हमीरपुर में कलेक्ट्रेट परिसर की डिस्ट्रिक्ट मैनेजर लैब में शिकायतों का प्रभावित ढंग से निस्तारण किया जा रहा है डिस्टिक कॉन्टैक्ट सेंटर 1950 हेल्पलाइन नंबर पर निर्वाचन की घोषणा के पश्चात अभी तक कुल 69 शिकायत में प्राप्त हुई है शिकायतें मुख्य रूप से एपिक कार्ड में संशोधन तथा फॉर्म 6 के स्टेटस के संबंध में प्राप्त हुई है जिनका त्वरित रूप से निस्तारण किया गया है और उनका फीडबैक भी प्राप्त किया जा रहा है जिससे हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त शिकायत जानकारी का समयबद्ध एवं गुणवत्ता पर निस्तारण संभव हो पाया है इसी तरह से विजिल एप पर अभी तक 28 शिकायत प्राप्त हुई है जिनका समय और 100 मिनट में निस्तारण किया गया है प्रक्रिया में शिकायतकर्ता एक तस्वीर पर क्लिक करता है या 02 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड करता है फोटो पब्लिक वीडियो को भौगोलिक सूचना प्रणाली द्वारा प्रचलित लोकेशन मैपिंग के साथ ऐप पर अपलोड किया जाता है इसके सफलतापूर्वक सबमिशन के बाद इस ट्रैक करने और अपने मोबाइल पर अपडेट प्राप्त करने के लिए शिकायतकर्ता को एक यूनिक आईडी मिलती है जिसके जरिए वह निस्तारण जान सकता है शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद सूचना जिला नियंत्रण कक्ष में आ जाती है यहां से उसे फील्ड यूनिट को 5 मिनट में एसाइन कर दिया जाता है उड़न दस्ता टीम 15 मिनट में पहुंचकर प्रकरण को देखकर अगले 30 मिनट में निस्तारण रिपोर्ट भेज देती है जो संबंधित आर0ओ को प्राप्त होती है आर0ओ0 अपनी रिपोर्ट 50 मिनट में जिला कंट्रोल रूम को प्रेषित करनी होती है जिसे प्राप्त शिकायत का 100 मिनट में निस्तारण किया जाता है। विभिन्न माध्यमों से मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यालय से जनपद में विभिन्न माध्यमों से मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यालय को जनपद हमीरपुर की शिकायत में प्राप्त हुई है जिनका समय पर निस्तारण किया गया है जनपद में अभी तक विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा परमिशन के 29 आवेदन ऑनलाइन किए गए हैं जिसमें 17 परमिशन वहां से संबंधित जो परमिशन जनसभा नुक्कड़ सभा तथा तीन परमिशन अस्थाई कार्यालय हेतु किए गए हैं जिनमें नियमानुसार कार्रवाई करते हुए परमिशन निर्गत की गई है।

सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र ने प्रदेश में नौवां स्थान लाकर विद्यालय का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। बुंदेलखंड के पिछड़े जनपद हमीरपुर से इस बार हाई स्कूल की परीक्षा में उत्तर प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त करने वाले तनिष्क राठौर जो के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का छात्र है और जनपद हमीरपुर मुख्यालय के गौरा देवी का निवासी है। जिसने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में प्रथम स्थान और प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त करके जिले का नाम रोशन किया है।

जनपद हमीरपुर मुख्यालय का रहने वाला तनिष्क राठौर जिसके घर में उस समय खुशी का माहौल उत्पन्न हुआ जैसे ही यूपी बोर्ड की माध्यमिक हाई स्कूल इंटर का रिजल्ट घोषित हुआ जिसके चलते उसके माता-पिता और पारिवारिक जनों और मोहल्ले पड़ोस के लोगों ने बधाई देने का तांता शुरू किया तनिष्क राठौर के माता-पिता पहले से ही अस्वस्थ थे कि हमारा बच्चा यूपी में कोई ना कोई स्थान आएगा क्योंकि वह जिस तरह से मेहनत और लगन से पढ़ाई कर रहा था जिसके चलते उसके स्कूल के अध्यापक और अभिभावकों को पहले से उम्मीद थी की तनिष्क का प्रदेश में कोई ना कोई स्थान आएगा तनिष्क राठौर अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरु जनों को देता है तनिष्क ने बताया की जिस समय वह उत्साहित होता था उसे समय मेरे माता-पिता और मेरी बहन मुझे मोटिवेट करते थे जिसके कारण आज मैं प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त कर पाया हूं तनिष्क के स्कूल के प्रधानाचार्य राम प्रकाश गुप्ता बताते हैं की तनिष्क स्कूली शिक्षा से ही होनहार बालक रहा है उसकी गंभीरता और उसकी शालीनता और उसका लक्ष्य पर केंद्रित होना इसी का परिणाम है स्थान प्राप्त करके स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। तानिष के पिता भी इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान कर प्रवक्ता है।

नहीं आई दमकल, महिलाओं ने पानी से आग पर काबू पाया

रुक नहीं रहा आग लगने का सिलसिला, अहिलैया में 10 बीघे की फसल हुई खाक

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जनपद में आग लगने का सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के अहिलैया गांव में दिन में लगभग ग्यारह बजे अज्ञात कारण से लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे ऊंचडीह गांव निवासी राजबहादुर सिंह की लगभग पांच बिगहे की गेंहू की फसल एवं सुदर्शन देव पाण्डेय की लगभग दो बिगहे की फसल जलकर खाक हो गई। दोनों किसानो का खेत अहिलैया में ही है। अन्य कुछ किसानो की भी थोड़ी थोड़ी फसल नुकसान हुई है। आग बहुत तेजी से गांव की तरफ बढ़ रही थी जिससे पूरा गांव चपेट में आ सकता था। लेकिन गांव वालो की एकजुटता एवं साहस की वजह से न सिर्फ गांव जलने से बचा, बल्कि कई छोटे किसानो की फसल बच गई।

उधर आग लगने की सूचना पर प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कांत पति तिवारी भी मौके पर पहुँच गए और राहत बचाव कार्य करने लगे। उन्होंने कहा की यह बहुत गंभीर समस्या है जिसपर सरकार और प्रशासन को गंभीरता से सोचना होगा की आखिर ये आग किन कारणों से लग रही है। जबकि बिजली सुबह से ही नहीं थी। और जहाँ आग लगी थी वहां तो कोई पोल तार और ट्रांसफार्मर भी नहीं था। ग्रामीणों ने कहा की इस बार जो भी आगजनी हुई है ये किसी ने की है। उधर मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि अनुपम तिवारी ने तत्काल लेखपाल से बात की और पीड़ित किसानो को सर्वे करके मुआवजा दिलवाने की बात कही। उन्होंने कहा की अग्निशमन केंद्र पर फोन किया गया था, लेकिन कोई भी दमकल खाली नहीं था। आग बुझाने में गांव की महिलाओं का सबसे अहम योगदान था। हैंडपम्प से बाल्टी में पानी भर कर खूब मेहनत कर महिलाओ ने आग पर काबू पाया। इस गांव के लोगों ने अन्य गाँवो के लोगों के लिए मिसाल भी पेस की है की यदि किसी कारण बस दमकल मौके पर नहीं पहुँच पा रहा है तो सामूहिक प्रयास से विकट से विकट समस्या से निपटा जा सकता है। उक्त अवसर पर बुद्धिराम, अनिल, विनोद पति तिवारी बिट्टू तिवारी, मुन्नू, शिवप्रसाद, विश्वनाथ पासवान, फूलमती, इंद्रावती, सुगिया, तारा, चंद्रभान पासवान लोग उपस्थित रहे।

तिलक समारोह से गिरफ्तार हुआ था दुष्कर्म का आरोपी देवर

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। शादी का झांसा देकर विधवा भाभी के साथ दुष्कर्म करने वाले देवर को पुलिस ने तिलक समारोह से हिरासत में लिया था। विधवा भाभी को गुमराह करके देवर दूसरी शादी की तैयारी कर रहा था। भाभी की शिकायत पर देवर के अरमानों पर पानी फिर गया है।

क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने बताया कि उसके पति की 8 जुलाई 2020 को आकाशीय बिजली से मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद सास ससुर ने अन्य रिश्तेदारों के मध्य देवर के साथ शादी करने का आश्वासन देकर ससुराल में ही रोक लिया था। 2022 में देवर ने शादी करने की बात कहकर संबंध बना लिये। बाद में चोरी से बांदा जनपद के झंझरी पुरवा में शादी तय कर ली। तब पीडिता ने 6 अप्रैल को मामले की शिकायत पुलिस चौकी कैथी में की थी लेकिन देवर गांव से बाहर चला गया और शादी में दो लाख नगद तथा दहेज दिलाने की मांग रखी। जब उसने पिता की गरीबी का हवाला दिया तो उसने शादी से फिर इनकार कर दिया। इसके बाद जब 15 अप्रैल को देवर का तिलक हो रहा था तब उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस उसे तिलक समारोह से दबोचकर थाने ले गई। इसके बाद विधवा भाभी ने देवर के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। अब पुलिस देवर को जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

रहमान के ऑस्कर विनिंग गाने को सुखविंदर ने किया था कंपोज

मुंबई। एआर रहमान को भले ही डैनी बॉयल की 2008 की ब्रिटिश फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के गाने 'जय हो' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड मिला हो, लेकिन इस ट्रैक की धुन को गायक सुखविंदर सिंह ने कंपोज किया था। इतना ही नहीं, इस गाने को स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए नहीं बल्कि सुभाष घई की एक फिल्म के लिए कंपोज किया गया था। एक इंटरव्यू में एआर रहमान के पूर्व सहयोगी और फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा ने गाने से जुड़े राज खोले हैं। राम गोपाल वर्मा ने बताया कि 'जय हो' गाने को सुभाष घई की साल 2008 में आई फिल्म 'युवराज' के लिए कंपोज किया गया था।

लाइफ Style

मलाइका

सोशल मीडिया पर हो रही हैं ट्रोल

बॉलीवुड दिवा मलाइका अरोड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री अपने बेटे अरहान खान के पॉडकास्ट 'डंब बिरयानी' में दिखाई दीं। अरहान का यह पॉडकास्ट पिछले कुछ समय से लोगों का ध्यान खींच रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस पॉडकास्ट में अभिनेत्री ने अपने बेटे से ऐसा सवाल किया, जिसे सुन लोग भड़क गए हैं और अब मलाइका को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। पॉडकास्ट पर अपनी उपस्थिति के दौरान मलाइका और अरहान एक गेम में शामिल हुए, जहां दोनों ने एक-दूसरे से कई सवाल पूछे और अगर वे जवाब देने में असफल रहे, तो उन्हें 'मिर्ची का सालन' का शॉट लेना पड़ा या हरी मिर्च काटनी पड़ी। इस दौरान मलाइका ने अपने 22 वर्षीय बेटे से उनके शरीर की गिनती के बारे में पूछा, जिसका मतलब है कि वह अब तक कितनी महिलाओं के साथ संबंध बना चुके हैं। मलाइका ने आगे कहा, मुझे ईमानदारी से जवाब दो... बस मुझे जवाब दो... मुझे एक नंबर चाहिए।" हालांकि, आश्चर्य दिख रहे अरहान ने सवाल का जवाब नहीं देने का फैसला किया और इसके बजाय 'मिर्ची का सालन' शॉट खा लिया। अब अभिनेत्री के इस सवाल पर सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर संस्कार कहां गए हैं। यह अपने बेटे से ऐसे सवाल कैसे पूछ सकती हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह कैसा पॉडकास्ट है। मां-बेटे के रिश्ते की गरिमा कहां गईं।' एक और यूजर ने लिखा, 'यह सब देख कर दिमाग ही खराब हो गया है।'

हॉलीवुड मसाला

फिल्म 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी

लॉस एंजिलिस। वार्नर ब्रदर्स ने एम. नाइट श्यामलन की नवीनतम मनोवैज्ञानिक थ्रिलर 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही यूट्यूब पर इसकी धूम देखने को मिल रही है। 'ट्रैप' में जोश हार्टनेट, सालेका श्यामलन, हेले मिल्स और मार्नी मैकफेल जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। आधिकारिक लॉगलाइन के अनुसार, 'ट्रैप' एक पिता और किशोरी बेटी की कहानी है जो एक पॉप कॉन्सर्ट में भाग ले रहे हैं। कॉन्सर्ट में उन्हें एहसास होता है कि वे एक अंधेरे और भयावह घटना के केंद्र में हैं।

सिडनी स्वीनी 'सुंदर नहीं' कमेंट पर भड़कीं एक्ट्रेस

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी ने हॉलीवुड के टॉप प्रोड्यूसर कैरोल बॉम को जमकर लताड़ लगाई है। दरअसल, कैरोल बॉम ने हाल ही में सिडनी स्वीनी पर कमेंट करते हुए कहा था कि 'वह सुंदर नहीं हैं' और कोई हैं, 'जो एक्टिंग नहीं कर सकती हैं'। दिग्गज निर्माता कैरोल बॉम ने एक इवेंट में 'यूफोरिया' और 'व्हाइट लोटस' की स्टार सिडनी स्वीनी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने एक्ट्रेस की हिट रॉम-कॉम 'एनीवन बट यू' की भी आलोचना की थी। अब सिडनी स्वीनी की तरफ से उनके रिप्रेजेंटेटिव ने वैरायटी को एक बयान दिया है। इस बयान में कहा गया, ''यह कितना दुखद है कि एक महिला अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा करने की बजाय दूसरी महिला पर हमला करना चुनती है।

अंधविश्वासी निर्देशक के बारे में विद्या का खुलासा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन अपनी फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वह लगातार इस फिल्म के लिए इंटरव्यू भी दे रही हैं। इसी बीच विद्या बालन ने एक ऐसी घटना के बारे में बताया जिसे सुनकर आप भी कहेंगे अब तो हद ही हो गई। दरअसल, विद्या बालन ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म से जुड़ा एक किस्सा बताया। यह उस समय की बात है जब विद्या बॉलीवुड के अलावा तमिल सिनेमा में भी काम किया करती थी। उस दौरान उनके साथ एक ऐसी बात हुई जिसका खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान किया। विद्या ने कहा, ''मैं फिल्म की शूटिंग के लिए सेट पर रोजाना जाया करती थी, और मुझे सुनने में आया कि मेरे फिल्म का निर्देशक 42 दिनों से एक ही शॉर्ट्स लगातार पहनकर आ रहे हैं।



फिर दिखा किंग खान का खास अंदाज

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान हर तरह से अपनी टीम के खिलाड़ियों के साथ नजर आते हैं। अपना समय निकालकर वह न सिर्फ मैदान में मैच देखने पहुंच रहे हैं, बल्कि मैच के बाद खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाते भी दिखाई देते हैं। हाल ही में ऐसा ही कुछ एक बार फिर देखने को मिला। शाहरुख खान की एक तस्वीर सामने आई है। इसमें वह केकेआर के खिलाड़ी सुनील नरेन और उनकी पत्नी के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शाहरुख खान के एक फैन पेज से साझा किया गया है। इसमें शाहरुख खान को नरेन और उनकी पत्नी अंजेलिया के बीच बैठे हुए देखा जा सकता है। तीनों कैमरे को पोज दे रहे हैं। शाहरुख ने सफेद शर्ट और ट्राउजर पहना है। वहीं, सुनील कैजुअल लुक में हैं।

टीवी मसाला



नहीं कर सकता बोल्ड बेडरूम सीन

मुंबई। गुम है किसी के प्यार में शो के लीड एक्टर शक्ति अरोड़ा फीमेल फैन्स के बीच काफी पॉप्युलर हैं। सीरियल के ईशान सर सबका क्रश बन चुके हैं। दर्शक इंतजार कर रहे हैं कि ईशान और सवि के बीच रोमांटिक सीन दिखाए जाएं। इस बीच शक्ति अरोड़ा ने बेडरूम सीन्स पर अपने विचार रखे। उनका कहना है कि इंडियन एक्टर्स पर ये सब सूट नहीं करता है। शक्ति अरोड़ा स्टार प्लस का लोकप्रिय चेहरा हैं। गुम है किसी के प्यार में सीरियल में उन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। लोग उनके साथ सवि का रोमांस देखने के लिए बेकरार हैं लेकिन शक्ति का कहना है कि रोमांस तक ठीक है लेकिन वह टीवी पर बेडरूम वाले इंटीमेट सीन करने से बचते हैं। शक्ति अरोड़ा ओटीटी शोज की बात कर रहे थे।

अब इंडस्ट्री में पक्षपात बहुत है... 'चंद्रकांता' के कुंवर विक्रम

मुंबई। 90 के दशक के मशहूर धारावाहिक 'चंद्रकांता' में कुंवर विक्रम सिंह का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाले अभिनेता शाहबाज खान बीते लंबे समय से पर्दे से दूर हैं। चंद्रकांता के अलावा उन्होंने 'बेताल पच्चीसी' में बेताल की भूमिका निभाकर भी खूब वाहवाही बटोरी। इसके अलावा उन्हें 'राम सिया के लव-कुश', 'युग', 'अफसर बिटिया', 'कर्मफल दाता शनि' जैसे सीरियल में दमदार अभिनय से लोगों का दिल जीतते देखा जा चुका है। एक वक्त पर अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों का भी हिस्सा रहे। हालांकि, आजकल वह पर्दे से गायब हैं। वहीं अब अभिनेता ने खुद इसके पीछे का असली कारण बताकर हर किसी को दंग कर दिया है। शाहबाज खान ने 'राजू चाचा', 'चल मेरे भाई', 'बादल', 'जय हिंद' और 'मेहंदी' जैसी फिल्मों में काम किया है। अभिनेता को उनके नेगेटिव रोल के लिए याद किया जाता है। हालांकि, उन्हें सबसे ज्यादा लोकप्रियता 'चंद्रकांता' में निभाए कुंवर विक्रम सिंह के किरदार से मिली।

दुबई से हैदराबाद लौटे महेश बाबू और राजामौली



मुंबई। साउथ सुपरस्टार महेश बाबू इन दिनों फिल्म निर्माता एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थायी शीर्षक एसएसएमबी 29 है। महेश बाबू और एसएस राजामौली को आज शुक्रवार की सुबह हैदराबाद लौटते देखा गया। उन्हें एयरपोर्ट पर देखा गया। एक्स और इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में महेश बाबू और एसएस राजामौली एयरपोर्ट से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि दोनों दुबई से लौट रहे थे। फिलहाल फिल्म एसएसएमबी 29 अपने प्री-प्रोडक्शन चरण में है। महेश बाबू, एसएस राजामौली और निर्माता केएल नारायण दुबई से लौटने पर आज सुबह राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखे गए। काफी समय हो गया है, जब प्रशंसकों को महेश बाबू और एसएस राजामौली को एक साथ देखने का आनंद मिला है।

सकीना को पसंद आया तारा सिंह का नया लुक



मुंबई। सनी देओल और अमीषा पटेल की जोड़ी फिल्म 'गदर' में खूब हिट रही है। असल जिंदगी में भी दोनों सितारे काफी अच्छे दोस्त हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर दोनों एक-दूसरे के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते नजर आते हैं। ऐसा ही कुछ एक बार हाल ही में देखने को मिला। दरअसल, सनी देओल ने सोशल मीडिया पर अपनी एक ताजा तस्वीर साझा की है। इस पर अमीषा पटेल के कमेंट ने यूजर्स का सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है। अभिनेता सनी देओल सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। अक्सर वह अपने प्रशंसकों के साथ अपनी तस्वीरें साझा करते दिखते हैं। उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह डेनिम शर्ट पहने दिख रहे हैं। इस पर अभिनेता के प्रशंसकों ने कमेंट की झड़ी लगा दी। कई बॉलीवुड सितारों ने भी प्रतिक्रिया दी। वहीं, अमीषा पटेल का कमेंट सबसे खास लगा। अभिनेत्री ने सनी देओल की तारीफ में लिखा, 'सबसे शानदार, सबसे हैंडसम'।

'दो और दो प्यार' के निर्माताओं का दर्शकों को बड़ा तोहफा

मुंबई। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दो और दो प्यार' आखिरकार आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शुरुआती तौर पर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं अब फिल्म के निर्माता फिल्म की रिलीज के पहले दिन ही दर्शकों के लिए बड़ा तोहफा लेकर आए हैं, जो फिल्म की टिकट से जुड़ा हुआ है। अब दर्शक एक टिकट कीमत पर दो टिकट खरीद सकते हैं। दरअसल, निर्माताओं ने नया ऑफर जारी किया है। निर्माता एक टिकट खरीदने पर एक मुफ्त टिकट का ऑफर लेकर आए हैं। अब दर्शकों को 'दो और दो प्यार' की एक टिकट खरीदने पर एक टिकट मुफ्त मिल रहा है।

यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित होंगी शबाना-करिश्मा

मुंबई। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाला दक्षिण एशियाई फिल्म महोत्सव है। वहीं, अब इसके 26वें संस्करण पर बड़ा अपडेट सामने आया है। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2024 का आयोजन 2 से 12 मई तक लंदन, लीसेस्टर और ऑक्सफोर्ड में किया जाएगा। वार्षिक कार्यक्रम में कुछ बॉलीवुड हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसकी सूची इस प्रकार है- 26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शबाना आजमी और करिश्मा कपूर सहित प्रमुख हस्तियों को भारतीय सिनेमा में उनकी भूमिकाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। 'क्लाइमेट ऑफ चेंज' थीम पर आधारित यह महोत्सव लंदन में बीएफआई आईमैक्स में रुमाना मोल्ला की इंडो-बेल्जियन फिल्म 'मिनिमम' के प्रीमियर के साथ शुरू होगा। वहीं, भारतीय अभिनेता अंशुमन झा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' का यूके प्रीमियर भी इस साल के यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में होगा।

शबाना की प्रसिद्ध फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग

26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में शबाना आजमी की सबसे प्रसिद्ध फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ उनके इंडस्ट्री में 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा, जिसमें उनकी पहली फिल्म 'अंकुर', दीपा मेहता की 1996 की रोमांटिक फिल्म 'फायर' और उनकी सबसे हालिया रिलीज फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' शामिल है। प्रत्येक स्क्रीनिंग के बाद शबाना आजमी मंच पर बातचीत करेंगी।

कविता को भी मिलेगा सम्मान

करिश्मा कपूर, प्लेबैक सिंगर कविता कृष्णमूर्ति और डिजाइनर रीना ढाका के कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान करिश्मा कपूर और कविता कृष्णमूर्ति को सिनेमा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस साल के उत्सव की थीम के अनुरूप रीना ढाका पिछले कुछ सालों के अपने सबसे प्रतिष्ठित रनवे शो के साथ-साथ फैशन, स्थिरता और अपने करियर प्रक्षेप पर चर्चा करेंगी। जानकारी हो कि ढाका के जरिए डिजाइन किए गए आउटफिट नाओमी कैंपबेल और उमा थुरमन द्वारा पहने जा चुके हैं।

राजकुमार के साथ आमिर लॉन्च करेंगे गाना 'पापा कहते हैं 2.0'



मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म 'कयामत से कयामत तक' का गाना 'पापा कहते हैं' काफी पसंदीदा गाना रहा है। दर्शकों को आज भी यह गाना काफी पसंद है। ऐसे में आमिर ने इस गाने को पसंद करने वाले को एक बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, आमिर खान अपने 'पापा कहते हैं' गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। इस खबर से आमिर के फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। इस गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए इसे 'पापा कहते हैं 2.0' नाम दिया गया है। राजकुमार राव और अलाया एफ की आगामी बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में इसे गाने को दिखाया जाएगा। दर्शकों को इस गाने का बेसब्री से इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में एक शानदार इवेंट में आमिर खान इस गाने को लॉन्च करेंगे। इसके साथ ही दृष्टिबाधित पेशेवर बैंड के सदस्यों द्वारा इसका लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा।